दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 219
कोटद्वार मंगलवार
13 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

### तवांग सेक्टर के पास भारत-चीन के सैनिकों में हिंसक झड़प

# भारतीय जवानों ने 300 चीनी सैनिकों को खदेड़ा

**ईटानगर, एजेंसी।** लाइन अफ एक्चुअल कंट्रोल में तनाव के बीच अरुणाचल प्रदेश में तवांग के पास भारत और चीन के सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई है। इस झड़प में दोनों देशों के सैनिक घायल हो गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, ये घटना नौ दिसंबर की है। हिंसक झड़प में दोनों तरफ के सैनिक जख्मी हुए हैं। हालांकि, कोई भी भारतीय सैनिक गंभीर रूप से जख्मी नहीं हुआ है। झड़प के बाद दोनों देशों के सैनिक पीटे हट गए हैं।

सूत्रों का कहना है कि यह झड़प 9 दिसंबर को उस वक्त हुई जब चीनी सैनिक याग्त्से एरिया में आए। उनकी इस कार्रवाई पर भारतीय सैनिकों ने पलटवार करते हुए उन्हें खदेड़ा। इस दौरान दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प भी हुई। सूत्रों ने बताया कि घटना के बाद दोनों देशों के सेना के अधिकारियों के बीच फ्लैग मीटिंग हुई और मामले को सुलझा लिया गया।

सूत्रों के मुताबिक, तवांग में आमने-सामने के क्षेत्र में भारतीय सैनिकों ने चीनी सैनिकों को करारा जवाब दिया। घायल चीनी सैनिकों की संख्या भारतीय सैनिकों की तुलना में कहीं अधिक है। चीनी लगभग 300 सैनिकों के साथ पूरी तरह से तैयार होकर आए थे, लेकिन उन्हें भारतीय पक्ष से मुस्तैदी की नहीं थी। दरअसल, अरुणाचल प्रदेश में



तवांग सेक्टर में एलएसी से लगे कुछ क्षेत्रों पर भारत और चीन दोनों अपना-अपना दावा करते हैं। ऐसे में 2006 से इस तरह के मामले अक्सर सामने आते रहे हैं। गौरतलब है कि 1 मई, 2020 को दोनों देशों के सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख की पैंगोंग त्सो झील के उत्तरी किनारे पर झड़प हो गई थी। उस झड़प में दोनों तरफ के कई सैनिक घायल हो गए थे। यहीं से तनाव की स्थिति बढ़ गई थी। इसके बाद 15 जून की रात गलवान घाटी पर भारत और चीन के सैनिक आमने-सामने आ गए।

बताया जाता है कि चीनी सैनिक घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। भारतीय जवानों ने उन्हें रोका तो वह हिंसा पर उतारू हो गए। इसके बाद विवाद काफी बढ़ गया। इस झड़प में दोनों ओर से खूब पत्थर, रड चले थे। इसमें 20 भारतीय जवान शहीद हो गए थे, जबकि चीन के 38 से ज्यादा जवान मारे गए थे। इनमें कई चीनी जवान नदी में बह गए थे। हालांकि, चीन ने केवल चार जवानों के मौत की पुष्टि की। अमेरिका की एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, इस झड़प में 45 से ज्यादा चीनी जवान मारे गए थे।

15 जून 2020 को सेना के बीच हिंसक झड़प के बाद से सीमा पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। इस तनाव को कम करने के लिए दोनों देशों के बीच अब तक कई राउंड की बातचीत हो चुकी है। हालांकि अभी तक कोई नतीजा नहीं निकला है।

तनाव कम करने के लिए दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने बैठक की। इसके बाद फरवरी 2021 में डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया शुरू की गई। सैन्य और कूटनीतिक स्तर की बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने पैंगोंग लेक के उत्तर और दक्षिणी तटों और गोगरा क्षेत्र से सैनिकों को पूरी तरह से हटाने (डिसइंगेजमेंट) की प्रक्रिया पूरी कर ली। हालांकि, एक रिपोर्ट के अनुसार फिलहाल एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) के संवेदनशील सेक्टर में दोनों देशों के 50 से 60 हजार सैनिक तैनात हैं। भारत और चीन के बीच लगभग 3,440 किलोमीटर लंबी सीमा है। 1962 की जंग के बाद से ही इसमें से ज्यादातर हिस्सों पर विवाद है। अभी तक हुई बैठकों में दोनों देशों ने स्थिति पर नियंत्रण, शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए समाधान तलाशने की बात पर सहमति जताई है। विवादित क्षेत्रों में यथास्थिति कायम रखने और सेना के डिसइंगेजमेंट को लेकर भी समझौता किया है।

## छात्रों पर फायरिंग में फरार चल रहा इनामी आरोपी को दबोचा

**देहरादून।** हरिद्वार जिले में कलेज के बाहर छात्रों पर फायरिंग करने के मामले में फरार चल रहे इनामी आरोपी को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया हैं। आरोपी ने बीते 21 नवंबर को क्वांटम कलेज भगवानपुर के बाहर गोली चलाई थी। आरोपी पर एसएसपी हरिद्वार ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि बीते 21 नवंबर को भगवानपुर क्षेत्र में क्वांटम कालेज के सामने छात्रों के दो गुटों में झगड़ा हुआ था। इस दौरान फायरिंग भी हुई थी। घटना के बाद कुछ आरोपी पकड़े गए। अन्य फरार चल रहे हैं। फरार आरोपियों में अंशुल यादव निवासी गोविंदपुर, पथरी, हरिद्वार भी शामिल था। उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। आरोपी को सोमवार को रुड़की से गिरफ्तार किया गया।

## खाई में गिरी बारात की कार, तीन गंभीर रूप से घायल

**हल्द्वानी।** सोमवार को नैनीताल से शिवाली कालनु रानीखेत जा रही बारात की कार अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। वाहन में सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो की मदद से तत्काल सभी को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरना लाया गया। डक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार नैनीताल से शियाव कालनु जिला रानीखेत जा रही बारात की कार दुर्घताग्रस्त हो गई। कार में बैठे मोहित 29 पुत्र नरेंद्र, निवासी ताकुला, जितांश पुत्र जीसी जोशी गौलापार हल्द्वानी, गिरीश 32 पुत्र मोहन गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगो ने निजी वाहन से खैरना अस्पताल पहुँचाया। जहाँ से डक्टर ने तीनों को हायर सेंटर वफर कर दिया।

## रात्रि प्रवास हेतु रखटाड़ पहुंची देव छड़ी

**विकासनगर।** कनबुआ से शिलगुर बिजट महाराज की देव छड़ी और देव चिन्ह ने सोमवार को एक रात के प्रवास के लिए खत बहलाड़ के रखटाड़ के लिए प्रस्थान किया। प्रवास यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर देवता से सुख समृद्धि की मन्नतें मांगीं। रखटाड़ के धणाज परिवार के राजेंद्र सिंह चौहान ने मनोकामना पूरी होने पर देवता को एक रात्रि के प्रवास के लिए अपने घर लाने की मन्नत रखी थी। कई वर्षों बाद मन्नतें पूरी होने पर वो खुद देवता को लेने कनबुआ पहुंचे। जहां से देवता को अपने साथ चलने की विनती की। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में पुजारी ने देव छड़ी और देव चिन्हों को मंदिर के गर्भ गृह से बाहर निकाल कर दर्शनों के लिए रखा। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने देव दर्शन कर खुशहाली की मन्नतें मांगी। दोपहर एक बजे देव छड़ी ने पुजारी, देवमाली और ग्रामीणों के साथ रखटाड़ के लिए प्रस्थान किया।

## राजभवन से अनुपूरक बजट के बिल को मंजूरी

**देहरादून।** राज्यपाल लेज़. गुरमीत सिंह (सेनि) ने 5440.43 करोड़ के प्रथम अनुपूरक बजट के लिए विधानसभा में पारित उत्तराखंड विनियोग (2022-23 का अनुपूरक) विधेयक को मंजूरी दे दी है। मंजूरी के बाद इस अधिनियम के तहत वित्त विभाग ने सभी विभागों को बजट जारी कर दिया है। इस संबंध में विभागों को विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं।प्रदेश सरकार ने शीतकालीन सत्र के दौरान महिला क्षैतिज आरक्षण विधेयक समेत कुल 14 विधेयक विधानसभा से पारित कराए थे। ये सभी बिल राज्यपाल को मंजूरी के लिए भेजे गए। इनमें से अनुपूरक बजट से संबंधित विधेयक मंजूरी के बाद राजभवन से लौट गया। बजट में 3164 करोड़ रुपये पूंजीगत खर्च और 2264.3 करोड़ रुपये राजस्व खर्च के लिए मंजूर हुए हैं। राज्य का मूल बजट 65571 करोड़ का है।

## डबल इंजन सरकार गुजरात के गौरव, विकास को नए शिखर पर ले जाएगी : अमित शाह

### गुजरात में भूपेंद्र पटेल ने दूसरी बार ली सीएम पद की शपथ



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उनके मंत्रिमंडल के 16 सदस्यों ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह सहित अन्य गणमान्य लोगों की मौजूद्गी में दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस मौके पर शाह ने पटेल सहित सभी मंत्रियों को बधाई दी। शाह ने कहा, भूपेंद्र पटेल को फिर से गुजरात के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई। गुजरात की जनता ने भाजपा की विकास की राजनीति को अभूतपूर्व समर्थन दिया है। मुझे विश्वास है कि नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भूपेंद्र भाई की डबल इंजन सरकार गुजरात के गौरव व विकास को नए शिखर पर ले जाएगी।

उन्होंने ट्वीट किया, शपथ लेने वाले गुजरात मंत्रिमंडल के अन्य सभी लोगों को भी बधाई देता हूं। आप सभी गुजरात के युवाओं की आशा-आकांक्षाओं को नए पंख देने के साथ-साथ हर वर्ग के कल्याण के प्रति पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से काम करें और आत्मनिर्भर व समृद्ध गुजरात के संकल्प को साकार करने में अपना योगदान दें।

गुजरात में फिलहाल मुख्यमंत्री सहित 17 सदस्यों वाला सबसे छोटा कैबिनेट बनाया गया है। मुख्यमंत्री के पास 25 मंत्रियों को कैबिनेट में रखने का विशेषाधिकार है, इसलिए संभावना है कि जल्द ही कैबिनेट का विस्तार किया जाएगा, क्योंकि कुछ जिलों और समुदायों को मंत्रिमंडल में इस समय प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है।

**कैबिनेट मंत्री**
1क़कनुभाई देसाई
2Iषिकेश पटेल
3ग़ाघवजी भाई पटेल
4ब़लवंत सिंह राजपूत
5भ़ानुबेन बावरिया
6क़कुबेरभाई डिंडोर
7क़कुंवरजी बावडिया
8अ़य्यर मुलुभाई बेरा

**राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार**
1ह़र्ष संघवी
2.जगदीश विश्वकर्मा

**राज्यमंत्री**
1पुरुषोत्तम सोलंकी
2ब़च्चूभाई खाबड़
3म़ुकेशभाई पटेल
4प्रफुल्ल पानसेरिया
5भ़ीखूसिंह परमार
6क़कुंवरजी भाई हड़पति

## महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अनिल देशमुख को दी जमानत, अभी नहीं आ सकेंगे जेल से बाहर!

**मुंबई,एजेंसी ।** बम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी नेता अनिल देशमुख को भ्रष्टाचार के एक मामले में जमानत दे दी। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। हालांकि, देशमुख अभी जेल से बाहर नहीं निकलेंगे क्योंकि हाईकोर्ट ने सीबीआई द्वारा सुप्रीमकोर्ट में इसे चुनौती देने के लिए समय मांगे जाने के बाद आदेश को 10 दिनों तक स्थगित रख लिया है। जस्टिस एम. एसक़ कार्णिक की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद देशमुख की जमानत याचिका मंजूर कर ली। वह वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं और मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं। सीबीआई की एक विशेष अदालत द्वारा पिछले महीने उनकी जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद 74 वर्षीय देशमुख ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# अंकिता हत्याकांडः नार्को टेस्ट पर टला फैसला, आरोपियों ने मांगा समय

### आरोपियों ने पौड़ी जेल अधीक्षक के कोटद्वार न्यायालय से मांगा दस दिन का समय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** अंकिता भंडारी हत्याकांड में आरोपियों के नार्को टेस्ट को लेकर एसआईटी को अभी और इंतजार करना होगा। आरोपियों ने पौड़ी जेलर के माध्यम से नार्को टेस्ट के लिए कोटद्वार न्यायालय से दस दिन का समय मांगा है। दरअसल, अंकिता हत्याकांड के आरोपी पुलकित, अंकित व सौरभ के नार्को टेस्ट को लेकर सोमवार को नोटिस जारी होने थे।

अंकिता के हत्यारोपियों का नार्को टेस्ट कराने के लिए एसआईटी ने शक्रवार को न्यायालय में अर्जी दे दी थी। न्यायालय इस पर सोमवार को सुनवाई करने वाला था। लेकिन,



अंकिता हत्याकांड के तीनों आरोपी

आरोपियों ने नार्को टेस्ट के लिए न्यायालय से दस दिन का समय मांग लिया। अंकिता हत्याकांड में शुरुआत से ही वीआईपी के नाम के खुलासे की मांग की जा रही है। पुलिस पर आरोप भी लगे हैं कि जानबूझकर वीआईपी का नाम उजागर नहीं किया जा रहा है। विभिन्न राजनीतिक दल भी इस बात को उठा चुके हैं। ऐसे में परिजनों ने कुछ दिन पहले आरोपियों का नार्को टेस्ट कराने की मांग की थी। इस पर एसआईटी भी विचार करने लगी थी।

पिछले दिनों एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वी मुरुगेशन ने भी कहा था कि एसआईटी ने वीआईपी का नाम जानने के लिए नार्को टेस्ट का फैसला किया है। एडीजी मुरुगेशन ने बताया कि नार्को टेस्ट के लिए शुक्रवार को न्यायालय में अर्जी दे दी गई थी। न्यायालय को इस अर्जी पर दोनों पक्षों को सोमवार को सुनना था। इसके बाद ही नार्को टेस्ट कराने या न कराने पर फैसला किया जा सकता था। पुलिस ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली थी। नाकी टेस्ट की मांग के लिए उनके पास पूरे आधार हैं। बहुत से ऐसे सवाल हैं जिनके जवाब पुलिस को आरोपियों से चाहिए।

### सीएम सुक्खू का पहला बड़ा फैसला

# हिमाचल भवन, सदन में विधायकों की रियायत खत्म

**शिमला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सरकार के गठन के बाद पहला बड़ा फैसला लिया है। सोमवार को सचिवालय में विधायक दल की बैठक में सीएम सुक्खू ने हिमाचल भवन चंडीगढ़ और हिमाचल सदन दिल्ली में विधायकों के ठहरने के लिए दिए जाने वाले टेरिफ को बढ़ाने पर चर्चा की है।

बैठक में सीएम ने फैसला लिया कि हिमाचल भवन चंडीगढ़ और हिमाचल सदन दिल्ली में विधायक कमरों का आम नागरिक की तरह किराया चुकाएंगे। विधायकों की मिलने वाली रियायत खत्म की जाएगी।



सीएम सुक्खू ने कहा कि आम नागारिकों को यहां ठहरने के लिए ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते हैं जबकि विधायकों को टूट थी जिसे अब खत्म कर दिया गया है।

इससे पहले हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों ने सोमवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का गर्मजोशी से स्वागत किया। सचिवालय के हजारों अधिकारियों व कर्मचारियों ने मुख्य द्वार पर पंक्तिबद्ध होकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री का पद ग्रहण करने पर बधाई दी।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों की भी मीटिंग ली। इसके बाद हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवाएं संघ के सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने उनसे राज्य के लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए नए उत्साह, समर्पण और प्रतिबद्धता से कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि अच्छी सरकार के लिए सुशासन आवश्यक है, इसलिए यह अधिकारियों का कर्तव्य बनता है कि वे अपना समय लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए समर्पित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी आमजन के जीवन में सुखद परिवर्तन लाने के लिए कार्य करें।

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधायक हर्षवर्धन चौहान, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव सुभासीष पांडा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## समाजवादी पार्टी की नवनिर्वाचित सांसद डिंपल यादव ने लोकसभा में ली शपथ

**नयी दिल्ली,एजेंसी ।** समाजवादी पार्टी की नवनिर्वाचित सांसद डिंपल यादव ने सोमवार को लोकसभा में शपथ ग्रहण की। उन्होंने 8 दिसंबर को उत्तर प्रदेश में मैनपुरी संसदीय उपचुनाव जीता था। निचले सदन में सांसद के रूप में डिंपल यादव का यह दूसरा कार्यकाल है। वह मई 2012-2019 से कन्नौज से लोकसभा सांसद थीं। मैनपुरी संसदीय सीट अक्तूबर में समाजवादी पार्टी के संरक्षक और डिंपल यादव के ससुर मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद खाली हो गई थी। उपचुनाव 5 दिसंबर को हुआ था और 56 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया था।

# ट्रांसफार्मर फैक्टरी में लगी भीषण आग, धमाकों के साथ लपटें उठती देख मची भगदड़

रुड़की ।रुड़की में ट्रांसफार्मर बनाने वाली एक फैक्टरी में रविवार देर रात भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि बड़ी-बड़ी लपटें उठ रही थीं और रह-रहकर धमाके हो रहे थे। धमाकों से छत भी नीचे आ गिरी। आग बुझाने के लिए चार जगहों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को बुलाना पड़ा।

दमकल वाहनों ने करीब सात घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं, अभी तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। करीब



चार करोड़ के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

बता दें कि सुनहरा रोड पर जिस जगह फैक्टरी है, वहां आसपास घनी आबादी है। रविवार रात आग लगने के बाद क्षेत्र में भगदड़ मच गई। गनीमत रही कि आग आसपास की आबादी तक नहीं फैली। वरना हादसा बड़ा भी हो सकता था।

रुड़की निवासी अमित बंसल की बंसल ट्रांसफार्मर प्राइवेट लिमिटेड काशीपुरी सुनहरा रोड, रुड़की में ट्रांसफार्मर बनाने वाली फैक्टरी है। रविवार की रात चौकीदार ने फैक्टरी से धुआं उठता देखा तो वह घबरा गया। तब तक वह कुछ समझ पाता आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

चौकीदार ने आग की सूचना मालिक को दी। मालिक ने सूचना रुड़की फायर स्टेशन को दी। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। भीषण आग को देखते हुए लक्सर, मंगलौर और भगवानपुर फायर स्टेशन को सूचना देकर मौके पर बुलाया। इसके बाद फैक्टरी का दरवाजा खोलकर आग बुझाने का प्रयास किया।

आग इतनी भीषण थी कि धमाके उठ रहे थे। इस बीच एक भवन की छत पर भरभराकर जमीन पर गिर गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटें देख आसपास के लोग भी दहशत में आ गए और घरों की छतों पर आ गए। आग से दफ्तर, गोदाम, तेल और अन्य सामान जलकर राख हो गया। फैक्टरी मालिक ने बताया कि आग से करीब तीन से चार करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है।

# सदन में जाति और धर्म का जिक्र किया तो होगी कार्रवाईः लोकसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन में किसी की जाति और धर्म का उल्लेख करने के खिलाफ सदस्यों को चेतावनी दी। सोमवार कुछ ऐसा ही देखने को मिला, जब कांग्रेस (बवदहतमे) के एक सांसद ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर आरोप लगा दिया कि उन्होंने अपने भाषण में जाति से संबंधित टिप्पणी की है। कांग्रेस सदस्य एआर रेड्डी ने प्रश्नकाल के दौरान वित्त मंत्रालय से संबंधित पूरक



प्रश्न पूछते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारण की एक टिप्पणी को लेकर जाति के संदर्भ में कुछ कहा था। निर्मला सीतारमण ने कहा था कि, सदस्य तेलंगाना से आते हैं। कह रहे हैं कि उनकी हिंदी कमजोर है। मैं कमजोर हिंदी में ही जवाब देती हूं। इसके बाद रेड्डी ने कहा कि, मंत्री ने मेरी हिंदी को लेकर टिप्पणी की है। मैं..।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि, सदस्य ने कहा कि मैं इस जाति से आता हूं। आप जाति और धर्म के आधार पर चुनकर नहीं आते हैं.ऐसे शब्दों का इस्तेमाल ना करें, अन्यथा कार्रवाई करनी होगी। आप यहां धर्म और जाति के आधार पर चर्चा नहीं करें।श्श इस पर रेड्डी ने कुछ कहने का प्रयास किया तो लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि, अगर आप बार-बार उठेंगे तो बाहर निकाल दूंगा।

# जनसुनवाई का आयोजन, 107 शिकायतें प्राप्त

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में आज ऋषिपर्णा सभागार में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 107 शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई में राजस्व, नगर निगम, एमडीडीए, सिंचाई, विद्युत, समाज कल्याण, लोनिवि, पीएमजीएसवाई आदि विभागों से संबंधित प्राप्त हुई। जिनमें अधिकतर शिकायतें भूमि कब्जा, अतिक्रमण, अवैध निर्माण से संबंधित प्राप्त हुई इसके अलावा आर्थिक सहायता, चकबंदी, वाहन के बीजकों को शस्त्र लाईसेंस, विद्युत कनेक्शन, विधवा पेंशन, साइबर ठगी आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में उनसे संबंधित जो शिकायतें प्राप्त हो रही है उनका त्वरित निस्तारण के साथ ही अपने स्तर पर समीक्षा करने के भी निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त हो रही शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें तथा जिन शिकायतों में मौका मुआवना कर निस्तारण किया जाना है विभागीय टीमें भेजकर मौका मुआवना कराएं। तथा टीम रिपोट के पश्चात स्वयं भी निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए शिकायतों का निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने विकासनगर क्षेत्र में भूमि पर कब्जा, ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायतों पर उपजिलाधिकारी विकासनगर को मौका मुआवना करते हुए वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील सदर अन्तर्गत भूमि संबंधी प्रकरणों पर उप जिलाधिकारी सदर को निरीक्षण करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए तथा अवैध निर्माण के प्रकरणो पर एमडीडीए के अधिकारियों को जांच करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए।

## अस्थाई इन्दिरा मार्केट की समस्याएं हल करे नगर निगम प्रशासन

देहरादून। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाधिकारी सोनिका और नगर आयुक्त मनुज गोयल को ज्ञापन सौंपकर इन्दिरा मार्केट रि–डेवलपमैंट प्लान के तहत बनी अस्थाई मार्केट में समस्याएं हल करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। सचिव देहरादून महानगर अनंत आकाश ने बताया कि अस्थाई मार्केट में बिजली कटौती की स्थिति में जनरेटर, पीने के साफ पानी, शौचालय की व्यवस्था नहीं है। जिससे व्यापारियों को लगातार दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही उन्होंने विधायक खजानदास को भी ज्ञापन सौंपकर समस्याएं हल करने की मांग की थी। इस दौरान लेखराज, शम्भूप्रसाद ममगाईं, रविन्द्र नौडियाल, अर्जुन रावत आदि मौजूद थे।

# जनता दरबार में 14 शिकायतों का किया निराकरण

नई टिहरी : डीएम डा. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में आम लोगों की 14 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जनता दरबार में पुनर्वास छात्रवृति सहित राजमार्ग सम्बंधी शिकायतें सामने आई। डीएम ने अनुपस्थित बाल विकास अधिकारी का वेतन रोकने को निर्देश दिए।

कार्यालय में डीएम ने आम लोगों की समस्याओं को जनता दरबार के तहत सुना। शिकायतों से सम्बंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए सीडीओ मनीष कुमार को नन्दा गौरा देवी योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के साथ संलग्न अभिलेखों का बारीकी से जांच कर शिक्षा विभाग को अपने स्तर से प्रकरणों पर त्वरित कार्यवाही करवाने को कहा। दरबार में शशि भूषण भट्ट सहित समस्त निवासी ग्राम खम्बाखाल पट्टी उपली रमोली वालों ने ग्राम पंचायत के किये गये कार्यों के जांच की मांग की। प्रकरण को डीएम ने सीडीओ व डीडीओ को सौंपते हुए तत्काल रिपोर्ट देने को कहा। स्वाड़ी जाखणीधार की सरोजनी देवी ने दो निराश्रित बच्चों की लालन–पालन व पढ़ाई के लिए छात्रवृति व आर्थिक सहायत की मांग की।

डीएम ने मामले में सीईओ, समाज कल्याण अधिकारी व बाल विकास विभाग को कार्यवाही के निर्देश दिए। टीन शेड निवासी तब्बसुम ने बेटी को नंदा गौरा देवी योजना का लाभ देने की मांग। डीपीओ को मामले में कार्यवाही को कहा गया। सेक्टर 8 एफ निवासी देवेंद्र प्रसाद ने विस्थापन के तहत आवंटित प्लाट में पानी आने की शिकायत कर कहा कि प्लाट पर भवन निर्माण करना संभव नहीं हो पा रहा है। मामले में ईई पुर्नवास को कार्यवाही को कहा गया। ग्राम देवरी तल्ली पट्टी बमुण्ड के बालेन्दु भूषण उनियाल ने सोलर प्लान्ट स्थापित करने के उपरान्त फायर सर्विस एनओसी दिलवाने की मांग की गई, प्रकरण पर उरेडा अधिकारी को नियमानुसर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया।

इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार, डीडीओ सुनील कुमार, जीएम डीआईसी महेश प्रकाश, डीपीआरओ एमएम खान, डीएसओ अरूण, डीओ पीआरडी पंकज तिवारी, ईई जल संस्थान सतीश नौटियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# श्रीकृष्ण महिमा नाटक की मनमोहक प्रस्तुति ने मोहा मन

नई टिहरी : केन्द्रीय संस्कृत विवि श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में आयोजित भारतीय भाषा उत्सव में विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषओं में प्रस्तुतियां देकर सम्पूर्ण भारत के दर्शन कराये। बृज क्षेत्र के छात्रों ने श्रीकृष्ण महिमा नाटक की पर मनमोहक प्रस्तुति देकर जमकर तालियां बटोरी।

सोमवार को भारतीय भाषा उत्सव कार्यक्रम में मोनिका नौगाईं ने भलु लगदू म्यारू मुलुक स्वाणू हे, सूरज पैन्यूली ग्रुप ने धरती हमारा गढ़वाल की, त्रिलोकेश आचार्य ने असम बाढ़ की विभीषिका से जनजीवन प्रभवित पर गीत की प्रस्तुति दी गई। छात्रा श्रुति ने शिव महिमा, हिमाचली भजन, पतंजलि गुरुकुलम की छात्राओं ने राजस्थानी गानों पर सुंदर प्रस्तुति दी। रोहित शर्मा, मुकेश नौडियाल, अमन बहुगुणा, प्रियांशु उनियाल ने हिमाचली,जौनसारी नृत्य तथा शुभम व दिगम्बर ग्रुप ने गढ़वाली गीतों की सुंदर प्रस्तुति देकर समां बांधा। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र नारायण कोटियाल ने कहा कि भारतीय भाषा उत्सव महान विचारक व पत्रकार महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर मनाया जाता है। निदेशक प्रो. चन्द्रशेखर ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की। मौके पर अनिल भट्ट,दीपक नौटियाल, डॉ. अरविंद गौर, डॉ. अवधेश बिजल्वाण, डॉ. शैलेंद्र प्रसाद उनियाल, डॉ. वीरेन्द्र बर्त्वाल, डॉ. कृपाशंकर शर्मा, डॉ. सुरेश शर्मा, डॉ. आशुतोष तिवारी, डॉ. मोनिका बोल्ला, डॉ. अवधेश बिजल्वाण, डॉ. दिनेशचन्द्र पांडेय, डॉ. अमन्द मिश्र, जनार्दन सुवेदी,मधु, माधुरी, श्रेष्ठा, जितेन्द्र, राम शर्मा, अंशुल पाठक आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## दो नाबालिग वाहन चलाते हुए पकड़े

चमोली : नाबालिगों के वाहन चलाने पर पुलिस सख्ती दिखा रही है। लगातार हाईवे एवं अन्य संपर्क मार्गों पर पुलिस की चेकिंग में नाबालिग वाहन चलाते पकड़े जा रहे हैं। पुलिस चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि चेकिंग के दो नाबालिग वाहन चलाते पकड़े गए।

## ट्रेन में यात्री का मोबाइल लूटने का आरोपी दबोचा

देहरादून। मसूरी एक्सप्रेस में यात्री का मोबाइल लूटकर भागे आरोपी को जीआरपी देहरादून पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पुलिस ने लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी हिस्ट्रीशीटर है। वह पहले भी अपराधिक मामलों में जेल जा चुका है। इंस्पेक्टर जीआरपी टीएस राणा ने बताया कि प्रवेश रंजन पाण्डा निवासी टीएचडीसी, अलकनंदा भवन, ऋषिकेश बीते 16 सितंबर को दून से मसूरी एक्सप्रेस में सवार हुए। ट्रेन चलने के बाद एक आरोपी उनका मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गया। पीड़ित ने दिल्ली पहुंचकर वहां जीआरपी को तहरीर दी। केस वहां से जांच के लिए दून ट्रांसफर किया गया।

# युकां ने किया बाल विकास परियोजना कार्यालय पर प्रदर्शन

विकासनगर। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौरा कन्याधन योजना के आवेदन के लिए नियम कड़े और अव्यावहारिक किए जाने पर रोष जताया है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बाल विकास परियोजना कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश सरकार पर साजिश के तहत पात्र छात्राओं को योजना के लाभ से वंचित रखने का आरोप लगाया। सोमवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बाल विकास परियोजना कार्यालय पर प्रदर्शन कर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष यश शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गौरा कन्या धन योजना के तहत आवेदन के लिए अचानक नए नियम लागू कर दिए हैं, जिससे प्रदेश भर में हजारों छात्राओं के




योजना के लाभ से वंचित होने का खतरा पैदा हो गया है। सरकार की ओर से योजना के आवेदन के लिए आर्थिक जनगणना का प्रमाण पत्र अनिवार्य किया गया है। लेकिन आर्थिक जनगणना अभी तक पूरी नहीं हुई है, ऐसे में छात्राएं पहले ही प्रमाण पत्र कैसे जमा कर सकती हैं। इसके साथ ही आवेदन के साथ जमीन संबंधी दस्तावेज भी संलग्न करने की बाध्यता रखी गई है। जबकि पूरे प्रदेश में बड़ी संख्या में लोग पंचायती जमीनों पर काबिज हैं, जिन्हें अभी तक स्वामित्व प्रमाण नहीं मिला है। जमीन संबंधी दस्तावेज के बजाय मूल निवास प्रमाण पत्र को ही अधिकृत दस्तावेज माना जाना चाहिए। कहा कि उत्तराखंड में सदियों से संयुक्त परिवार प्रथा चली आ रही है। ऐसे में परिवार का बिजली, पानी का बिल परिवार के एक सदस्य के नाम पर होता है। जाहिर है हर छात्रा अपने माता पिता के नाम का बिजली, पानी का बिल भी मुहैया नहीं करा सकती है। कहा कि एक बार सरकार की ओर से नई नियमावली पर रोक लगा दी गई थी, लेकिन फिर अचानक नई नियमावली के अनुसार ही आवेदन करने का आदेश जारी कर दिया गया है, जिसे बदला जाना जरूरी है।

प्रदर्शन करने वालों में जैनब, मुन्नी, सुमन, रीता, रजिया, एंजिल, अमिता आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

ऋषिकेश। चोरी के मामले में फरार 10 हजार रुपये के इनामी बदमाश को एसओजी देहात की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ऋषिकेश क्षेत्र में चोरी और ठगी के मामले में छह महीने से फरार चल रहा था। एसओजी प्रभारी दीपक धारीवाल ने बताया कि डीजीपी और एसएसपी ने लंबित मामलों में फरार आरोपियों की धरपकड़ को सख्त दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत यह गिरफ्तारी की गई है। बताया कि आरोपी मुकेश पुत्र स्व. रामकिशन निवासी रेनकपुरा, रोहतक सिटी, हरियाणा को मुखबिर की सूचना पर रोहतक से ही गिरफ्तार किया गया। पेशी के बाद अदालत ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### यातायात नियमों के उल्लंघन में 16 वाहनों का चालान, 7 वाहन सीज

विकासनगर। परिवहन विभाग की टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर सात वाहनों को सीज किया। जबकि सोलह वाहनों का चालान काटा। हरबर्टपुर, विकासनगर, कालसी और चकराता मोटर मार्ग पर एआरटीओ आरएस कटारिया के नेतृत्व में परिवहन विभाग की टीम ने एक डंपर, चार ट्रैक्टर ट्राली, एक मैक्सी कैब और एक लोडर को सीज किया। उक्त वाहनों के परमिट न होने, टैक्स जमा न करने और ओवरलोडिंग में सीज किया गया है। जबकि 16 वाहनों का चालान काटा गया है। इन सोलह वाहनों में चालक के पास लाइसेंस मौजूद नहीं था। न ही टैक्स जमा से संबंधित कागजात थे। एआरटीओ आरएस कटारिया ने बताया कि ओवरलोडिंग आदि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर सीज करने की कार्रवाई की गयी। अभियान लगातार जारी रहेगा।

### आशियाना बचाने को निकाला मशाल जुलूस

ऋषिकेश। आईडीपीएल बचाओ के बैनर तले आईडीपीएल, कृष्णानगर कॉलोनीवासियों ने देर शाम मशाल जुलूस निकालकर हुंकार भरी। इस दौरान धामी सरकार से न्याय की गुहार भी लगायी गई। सोमवार देर शाम आईडीपीएल टाउनशिप, कृष्णा नगर कॉलोनी में निवास करने वाले लोग, व्यापारी और हाट बाजार में कारोबार करने वाले लोग आईडीपीएल सामुदायिक केंद्र में एकत्रित हुए। यहां से मशाल जुलूस शुरू किया, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए आईडीपीएल गोल चक्कर पहुंचा। यहां मशाल जुलूस में शामिल कॉलोनीवासियों ने संस्थान प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी और धामी सरकार से जनहित में उचित निर्णय करने की गुहार लगायी। आईडीपीएल बचाओ के पदाधिकारी योगी तिवारी ने बताया कि कॉलोनी में पिछले काफी सालों से रहने वाले लोगों को आवास खाली करने का पूर्व में नोटिस संस्थान की ओर से जारी किया गया था, तब से कॉलोनीवासी आंदोलनरत हैं।

# मोबाइल लूट में चार युवक गिरफ्तार

विकासनगर। सहसपुर पुलिस ने राहगीरों से झपट्टा मारकर मोबाइल लूट के मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बाइक और स्कूटर सवार चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी के दो मोबाइल, लूट में प्रयुक्त मोटर साइकिल व स्कूटर बरामद कर दिए हैं। आरोपियों की बाइक व स्कूटर सीज कर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। रविवार को अभय पंवार पुत्र फूल सिंह निवासी कैंचीवाला और हिमांशु मौर्य पुत्र पप्पू मौय निवासी शंकरपुर ने थाना पुलिस को तहरीर दी।



बताया कि शंकरपुर रोड पर वह पैदल जा रहे थे। तभी दो बाइक सवार दो स्कूटर सवार युवकों ने झपट्टा मारकर उनके फोन को लूट लिया और फरार हो गए। इस पर सहसपुर पुलिस ने टीमें गठित कर चारों आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने शंकरपुर रोड से लेकर हाईवे, सहसपुर बाजार, सेलाकुई जाने वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। साथ ही मुखबिर की सूचना पर आरोपियों के वाहनों को चिन्हित किया। थाना प्रभारी गिरीश नेगी ने बताया कि जांच के बाद मो. जियाउल हक पुत्र अब्दुल हकीम निवासी छोटा रामपुर, आदित्य कुमार पुत्र दुलारे राम यादव निवासी सेलाकुई, समीर पुत्र फरियाद निवासी चांदचक सहसपुर और सागर पुत्र जोगीराम निवासी बांयाखाला सेवला खुर्द देहरादून को गिरफ्तार किया है।


## वीरपुरखुर्द में बनेगा कांजी हाउस

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश की सड़कों और गलियों में घूमते लावारिस मवेशियों से जल्द छुटकारा मिलेगा। नगर निगम प्रशासन ने कांजी हाउस के लिए वीरपुरखुर्द में भूमि चिह्नित कर ली है। तीन दिन बाद राजस्व और वन विभाग तथा नगर निगम की टीम संयुक्त रूप से चिह्नित भूमि का सीमांकन करेगी। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। मुख्य नगर आयुक्त के मुताबिक जनवरी 2023 से कांजी हाउस का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा।

नगर निगम ने काफी मशक्कत के बाद कांजी हाउस के लिए पशुलोक मार्ग पर वीरपुरखुर्द में करीब 600 वर्ग मीटर भूमि तलाश की है। चिह्नित भूमि के आसपास आबादी है।

# गुलदार की धमक से ग्रामीणों में दहशत

विकासनगर। चकराता वन प्रभाग के बावर रेंज में इन दिनों गुलदार का आतंक बना हुआ है। गुलदार ने ग्रामीणों के कई पालतू पशुओं को अपना निवाला बना दिया है। अब गुलदार बस्ती की ओर भी रुख करने लगा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत है। बाणाधार निवासी सूरत सिंह, केशर सिंह ने बताया कि रविवार रात को गुलदार ने गोशाला में बंधे बैलों को अपना निवाला बना दिया था। शूनीर निवासी जबर सिंह ने बताया कि रविवार को ही दिन में गांव से लगे खेतों के पास बकरियां चुगा रहा था, अचानक बकरियों के झुंड के नजदीक गुलदार पहुंच गया। इससे बकरियां इधर उधर भागने लगी, जबकि उसने पेड़ पर शरण ली। शोर मचाने के बाद ही गुलदार वहां से भागा। कहा कि गुलदार के



बस्ती के निकट आमद से ग्रामीणों में दहशत है। शाम होते ही बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है। वहीं महिलाएं भी चारा पत्ती के लिए खेतों में जाने तक से कतरा रही हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को बस्ती क्षेत्र से बाहर खदेड़ने और पशुपालकों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। उधर, वन क्षेत्राधिकारी सुधीर भट्ट ने बताया कि वन दरोगा के नेतृत्व में पांच सदस्यीय गश्ती दल को गुलदार प्रभावित क्षेत्र में गश्त के लिए भेजा गया है। ग्रामीणों को हुई पशु हानि की रिपोर्ट डीएफओ को भेजी जाएगी।

# विजय दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम ने ली बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में विजय दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अपने–अपने दायित्वों के प्रति आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। 1971 भारत–पाक युद्ध के शहीदों को सम्मान अर्पित करने हेतु 16 दिंसबर को विजय दिवस मनाया जाता है। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल गांधी पार्क में सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सैनिक कल्याण अधिकारी को आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं के साथ ही कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले सैनिक एवं वीर नारियों के आवागमन की व्यवस्थाएं सुनिश्चित



करने के निर्देश दिए। नगर निगम को सफाई व्यवस्था विद्युत विभाग को कार्यक्रम के दौरान निंबाद विद्युत व्यवस्था, जल संस्थान को पेयजल, पुलिस को यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था चैक–चैबंद रखने के निर्देश दिए। तथा लोनिवि के अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल पर बनाए जा रहे मंच आदि व्यवस्थाओं को मानकों के अनुरूप जांचने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ० एस.के बरनवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा, सहायक नगर

## प्रथम बटालियन असम राइफल्स के जवानों ने मनाया स्थापना दिवस

देहरादून। प्रथम बटालियन असम राइफल्स के पूर्व सैनिकों ने यूनिट का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। रायपुर क्षेत्र स्थित वेडिंग प्वाइंट में समारोह हुआ। इस दौरान दौरान आसपास के कई जिलों से पलटन के जवान पहुंचे। देहरादून में पहली बार पलटन का स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद देश रक्षा में सवोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पलटन के सीओ कर्नल उमेश चंद्र सती ने पलटन का इतिहास बताया। उन्होंने बताया कि लुशाई हिल के रूप में 173 साल पहले पलटन की स्थापना हुई थी।

# जिला पुलिस की अपराध समीक्षा बैठक हुई

## अपराधियों में दून पुलिस का खौफ बना रहेः डीआईजी

देहरादून। देहरादून जिले की क्राइम मीटिंग में डीआईजी गढ़वाल रेंज ने पुलिस को कार्रवाई में पारदर्शिता लाने का निर्देश दिया। डीआईजी ने कहा कि पुलिस इस तरह कार्रवाई करे कि आम जनता में पुलिस के प्रति विश्वास बने और अपराधियों में पुलिस का खौफ पैदा हो। डीआईजी ने सोमवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में जिला पुलिस की अपराध समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि अक्सर फरियादियों को अपनी शिकायत लेकर उच्चाधिकारियों के पास जाना पडता है। निर्देशित किया कि कोई भी जनशिकायत आती है तो प्राथमिकता के आधार पर थाना–चौकी स्तर से निस्तारण करें। जनपद मुख्यालय और रेंज से चलने वाले अभियानों में प्रभावी कार्रवाई करने और लापरवाही पर उत्तरदायित्व तय करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पुराने लंबित केसों का विधिक राय लेकर तेजी से निस्तारण करें। उन्होंने वांछित और इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं नशा तस्करी पर भी नकेल कसने को कहा। इस दौरान एसएसपी देहरादून दलीप सिंह कुंवर, सर्किल के सीओ और थानाध्यक्ष शामिल रहे।

# डीएम अध्यक्षता में हुई निराश्रित गौवंश हेतु शरणालयों की स्थापना व संचालन नीति के सम्बन्ध में बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में निराश्रित गौवंश हेतु शरणालयों की स्थापना व संचालन नीति के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उत्तराखण्ड गौसेवा आयोग के माननीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अंथवाल उपस्थित रहे। माननीय अध्यक्ष ने गौसेवा सदनों के संचालन में आ रही बाधाओं से भी अवगत कराया। बैठक में जिलाधिकारी ने निराश्रित गौवंश हेतु कांजी हाउस/गौशाला शरणालयों की स्थापना के सम्बन्ध में भूमि चिन्हीकरण की स्थिति जानकारी प्राप्त करते हुए मुख्य पशुचिकित्साधिकारी को नगर निगम, नगर निकाय, नगर पालिकाओं से समन्वय करते हुए भूमि चिन्हिकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया किय भूमि चिन्हिकरण के साथ ही जो संस्थाएं एवं लोग गौसेवा हेतु इच्छुक हों उनके साथ एमओयू कर लें। बैठक में कतिपय नगर निकायों से गौ सदनों का भुगतान न होने सम्बन्धी शिकायत पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को उनकी ओर से



नगर निकायों को एमओयू के अनुसार सम्बन्धित गौ सदनों का भुगतान किये जाने हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही जनपद में जो गौ शाला संचालित है की सूची प्रेषित करने, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नियमावली के अनुसार डेरी संचालकों का निरीक्षण के साथ ही रजिस्ट्रेशन करने, नगर निगम एवं नगर निकायों को अपने–2 क्षेत्रों में संचालित डेरियों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने नगर निगम एवं नगर पालिकाओं को निर्देशित किया किया घायल पशुओं के परिवहन हेतु अधिशासी अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। इस दौरान गौ सेवा सदनों के पदाधिकारियों ने अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में माननीय अध्यक्ष उत्तराखण्ड गौ सेवा आयोग ने गौंवश हेतु गौशाला हेतु भूमि चिन्हित करने के साथ ही गौसदनों में होने वाली परेशानी से रूबरू कराते हुए उसका निराकरण करने तथा सड़क पर घूम रहे श्वान का टीकाकरण कराने का भी अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## बाल वैज्ञानिकों का मकसद लोगों को आत्मनिर्भर बनाना

**श्रीनगर गढ़वाल** : राइंका नागराजाधार चिलेड़ी के चार बाल अदिति, आंचल, प्रिंस और रोहन गोमूत्र, गोबर एवं स्थानीय संसाधनों से बनने वाले कीटनाशक, मक्खी व मच्छर स्प्रे आदि उत्पादों पर शोध कार्य कर रहे हैं। मार्ग दर्शक शिक्षिका मीना डोभाल ने बताया कि बाजार में मिलने वाले उत्पादों में खतरनाक रसायन होने के कारण यह हमारी मृदा, शरीर व प्रकृति को नुकसान पहुंचाते हैं। इस अनुसंधान के पीछे इन बाल वैज्ञानिकों का मकसद है कि गांव में लोगों को आत्मनिर्भर बनाया जाए। जिससे पलायन को रोका जा सके व लघु उद्योगों को बढ़ावा मिले। यह बाल वैज्ञानिक इसी प्रोजेक्ट के साथ राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 में भी प्रतिभाग करेंगे। राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 का मुख्य विषय स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए पारिस्थितिकी तंत्र है। इसके अंतर्गत उप विषय आत्म निर्भरता के लिए पारिस्थितिक तंत्र आधारित दृष्टिकोण पर यह बाल वैज्ञानिक अपना शोध कर रहे हैं। (एजेंसी)

# वादा था गरीबों की मदद का, फैला दी गंदगी

### गंदगी के ढेर में तब्दील हुई शहर में बनी भलाई की दीवार, कपड़ों को व्यवस्थित रखने के लिए नहीं है कोई भी व्यवस्था

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः ठंड में गरीब को गर्म कपड़े उपलब्ध करवाने के लिए बनाई गई भलाई की दीवार गंदगी के ढेर में तब्दील हो गई। हालत यह है कि भलाई की दीवार के आसपास कपड़ों को बेतरतीब तरीके से फेंका गया है। अधिकांश स्थानों पर कपड़ों को बेहतर तरीके से रखने की व्यवस्था तक नहीं है। यही नहीं देवी मंदिर के समीप बनी भलाई की दीवार पर तो रेहड़ी–ठेली वालों ने कब्जा कर लिया है।

'जो आपके पास अधिक है, यहां छोड़ जाएं, जो जरूरत का है ले जाएं'। कुछ इसी भावना से वर्ष 2020 में प्रशासन ने शहर के अलग–अलग स्थानों पर चार भलाई की दीवार बनाई थी। दीवार पर पुराने कपड़ों को व्यवस्थित तरीके से रखने के लिए हैंगर भी लगाए गए थे। लेकिन, वर्तमान में कुछ लोगों की लापरवाही के कारण यह दीवार गंदगी के ढेर में तब्दील होती जा रही है।

दीवार के आसपास सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से कपड़ों के ढेर लगे हुए हैं।

ऐसे में गरीब को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पूर्व में कई सामाजिक संस्थाएं नगर निगम से भालाई की दीवार में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की भी शिकायत कर चुकी हैं। लेकिन, जिम्मेदार अधिकारियों ने इसपर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया।

### आमजन भी दिखा रहा लापरवाह

योजना के अनुसार, जिनके पास पुराने कपड़े हैं वह भालाई की दीवार पर उन्हें व्यवस्थित तरीके से रख सकता था। जिसके बाद जिन गरीब परिवारों को पकड़ों की अवश्यकता होगी वह उसका उपयोग कर सकते थे। लेकिन, कई व्यक्ति अपने घरों में पड़े पुराने कपड़ों की गठरी बनाकर उसे दीवार के समीप सड़क पर फेंककर चले जाते हैं। जिससे यह कपड़े सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से पड़े रहते हैं।



कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में भलाई की दीवार के बाहर सड़क पर बेतरतीब पड़े कपड़े।

# पौड़ी में 159 व कोटद्वार में मिलें 415 फ्री-होल्ड आवेदन

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलक्ट्रेट सभागार में नजूल भूमि को फ्री-होल्ड (पूर्ण स्वामित्व) करवाने सम्बन्धी प्रकरणों को लेकर राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पौड़ी व कोटद्वार को निर्देश दिये कि लोगो से ऐसी नजूल भूमि के आवेदन प्राप्त करें, जिस पर उनको पूर्ण स्वामित्व दिलाना या फ्री-होल्ड करवाया जाना है। अब तक पौड़ी में 159 व कोटद्वार में 415 फ्री-होल्ड आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें ताकि, लम्बे समय से मामलों के निस्तारण की उम्मीद लेकर बैठे आवेदकों को राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गरीब लोगों के आवदेनों को तरजीह देते हुए उनके आवेदनों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करें।

उन्होंने उपजिलाधिकारी कोटद्वार को दुगड्डा में सरकारी भूमि का डिर्माकेशन करवाने के भी निर्देश दिये है। बैठक में एसडीएम पौड़ी आकाश जोशी, एसडीएम श्रीनगर के अलावा नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी उपस्थित थे।

# खूनीबड़ व निंबूचौड़ में पेयजल संकट

### जल संस्थान की मोटर खराब होने से बढ़ी समस्या

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** नलकूप खराब होने से खूनीबड़ व निंबूचौड़ क्षेत्र में पिछले दो दिन से पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। आक्रोशित वार्डवासियों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। कहा कि क्षेत्रवासियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पेयजल संकट के कारण वार्डवासियों की दिनचर्या प्रभावित हो रही हैं।

खूनीबड़ व निंबूचौड़ क्षेत्र के करीब दो हजार परिवारों को जल संस्थान के नलकूप से पेयजल उपलब्ध करवाया जाता है। लेकिन, पिछले दो दिन से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। नतीजा वार्डवासियों को पानी की तलाश में अन्य वार्डों में भटकना पड़ रहा है।

क्षेत्रवासी कुलदीप रावत, जय भट्ट ने बताया कि हर महीने जल संस्थान का नलकूप खराब हो जाता है।

नलकूप में लगी पुरानी मोटर को बदलकर नई मोटर लगवाने के लिए कई बार जल संस्थान को शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, हर बार वर्षों पुरानी मोटर की ही मरम्मत करवाई जाती है। पेयजल आपूर्ति ठप होने से वार्डवासियों की दिनचर्चा प्रभावित हो रही है।

वहीं, जल संस्थान के अधिकारियों का कहना है कि नलकूप में लगी मोटर खराब होने से पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। मोटर मरम्मत का कार्य चल रहा है। जल्द ही समस्या का निराकरण हो जाएगा।



पानी के इंतजार में नल के नीचे लगे बर्तन।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम एक से

**कोटद्वारः** सेवायोजन विभाग की ओर से संचालित गोविंद नगर स्थित शिक्षण व मार्गदर्शन केंद्र में आरक्षित वर्ग के छात्र–छात्राओं के लिए छह मासीय टंकण व लिपिकीय व्यवसाय व एक वर्षीय आशुलिपि व्यवसाय में प्रशिक्षण संचालित किया जायेगा। टंकण व लिपिकीय व्यवसाय में प्रशिक्षण 1 जनवरी 2023 से 30 जून 2023 और आशुलिपि व्यवसाय में 1 जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक दिया जायेगा। आवेदन के लिए योग्यता इंटरमीडिएट या समकक्ष है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2022 व साक्षात्कार की तिथि 31 दिसंबर 2022 रखी गई है। यह जानकारी देते हुए केंद्र के प्रभारी अधिकारी उत्तम कुमार ने आरक्षित वर्ग के छात्र–छात्राओं से प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील की है।

# सिद्धबली में चलाया स्वच्छता अभियान

### ग्रीन आर्मी देवभूमि की ओर से चलाया गया अभियान

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वारः** मेले के उपरांत सिद्धबली धाम को जाने वाले मार्ग पर फैली गंदगी को साफ करने के लिए ग्रीन आर्मी देवभूमि की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान सदस्यों ने आमजन को भी सफाई के प्रति जागरूक किया। कहा कि स्वस्थ समाज के लिए हमें सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा।

सोमवार को सिद्धबली धाम को जाने वाले पुल से अभियान की शुरूआत की गई। सदस्यों ने इधर–उधर फैली गंदगी को एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट किया। अभियान के दौरान व्यापारियों से भी अपनी प्रतिष्ठानों के बाहर कूड़ेदान लगाने की अपील की गई। सदस्यों ने कहा कि गंदगी के कारण कई प्रकार की संक्रामक बीमारियां उत्पन्न होने लगती हैं। इसलिए हमें सफाई पर विशेष ध्यान देना होगा। अभियान के दौरान मंदिर परिसर में भी साफ–सफाई की गई। सफाई अभियान में मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के स्वयं सेवियों ने भी अपना योगदान दिया। इस मौके पर शिवम नेगी, सौरभ धूलिया, निशा रावत, आयुष गुप्ता, शालिनी, भूमिका, संदीप आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के श्री सिद्धबली मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाते सदस्य।

## नगर आयुक्त का तबादला होने पर भड़के पार्षद

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः नगर अयुक्त किशन सिंह नेगी का कोटद्वार से तबादला होने पर पार्षदों ने रोष व्यक्त किया है। पार्षदों का आरोप है कि नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने के लिए नगर आयुक्त का तबादला किया गया है। जबकि, वह लगातार नगर निगम में हुए वित्तीय घोटाले का खुलासा कर रहे थे।

पार्षद अनिल रावत, विपिन डोबरियाल, नईम अहमद, विजेता, बीना देवी, पिंकी रावत, सुखपाल शाह, रोहणी देवी ने कहा कि नगर निगम में हुए वित्तीय घोटाले लगातार खुलते जा रहे थे। नगर आयुक्त किशन सिंह नेगी घोटालों से पर्दा उठा रहे हैं। उनके इन कार्यो की पूरा शहर प्रशंसा कर रहा था। बावजूद इसके प्रदेश सरकार ने नगर आयुक्त का तबादला कर दिया है। कहा कि नगर आयुक्त का तबादला नगर निगम में कर्मचारियों के माध्यम से हुए घोटाले पर पर्दा डालने का प्रयास है। कहा कि भ्रष्टाचार को दबाने का प्रयास किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्षदों ने नगर निगम में हुए घोटालों की एसआईटी जांच करवाने की भी मांग उठाई।

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में उत्तराखंड की महिलाओं की भूमिका अहम

**कोटद्वार** : पर्वतीय लोकविकास समिति ने अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस के अवसर पर शक्तिपर्व संकल्प विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही नारी शक्ति को उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।नोएडा सेक्टर 62 स्थित प्रेरणा भवन में आयोजित गोष्ठी में दिल्ली विश्वविद्यालय की लॉ फैकल्टी की प्रोफेसर और अनुसूचित जनजाति आयोग की सलाहकार प्रो. सीमा सिंह ने मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में उत्तराखंड की महिलाओं की भूमिका सबसे अहम है। उत्तराखंड में महिलाओं को केवल समानता ही नहीं दी गई बल्कि उन्हें श्रेष्ठता भी दी गई है। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र प्रचार प्रमुख कृपाशंकर ने हिमालयी महिला सम्मान से सम्मानित मातृशक्ति को बधाई देते हुए कहा कि पहाड़ तो नंदा का मायका है इसलिए पहाड़ में शक्ति उपासना के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की बहुत पुरानी परंपरा है। समारोह के अतिविशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार और मेरठ यूनिवर्सिटी के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो.नवीन चंद्र लोहनी, भाजपा हिमालय परिवार के अध्यक्ष उदय शर्मा और दिल्ली सरकार की शिक्षा उपनिदेशक डॉ.राजेश्वरी कापड़ी, वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार प्रदीप कुमार वेदवाल ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि डॉ. देवनारायण शर्मा, मयूर विहार भाजपा के जिला अध्यक्ष विनोद बछेती, उत्तराखंड प्रकोष्ठ भाजपा के दिल्ली अध्यक्ष हरेंद्र डोलिया,वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार सुषमा जुगरान ध्यानी, अंजना गौड़, जगदीश नेगी, सौरव कबटियाल, भाजपा नेता राजेश्वर पैन्यूली आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री और पर्वतीय लोकविकास समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र दत्त सेमवाल ने की और समारोह का संचालन प्रो. सूर्य प्रकाश सेमवाल ने किया।



## सम्मान मिलने का किया स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार।** साहित्यिक संस्था साहित्यांचल के सदस्यों व पदाधिकारियों ने संस्था संरक्षक व साहित्यकार डा. नंदकिशोर ढौंडियाल को भारतीय दलित साहित्य अकादमी की ओर से डा. आंबेडकर साहित्यश्री सम्मान 2022 से सम्मानित करने पर हर्ष व्यक्त किया है। संस्था कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यह सम्मान मिलना संस्था और डा. नंद किशोर ढौंडियाल के लिए गौरव की बात है। कहा कि वे इस सम्मान से सम्मानित होने वाले प्रदेश के पहले व्यक्ति हैं। यह सम्मान उन्हें अकादमी के दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, भारतीय दलित साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. एस पी सुमनाक्षर और भारतीय रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष रमेश चंद्र रतन ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। हर्ष व्यक्त करने वालों में मयंक कोठारी, सुरेंद्रलाल आर्य, कौशल्या जखमोला, शशिभूषण अमोली, सत्यप्रकाश नौटियाल और प्रवेश नवानी सहित सभी सदस्य व पदाधिकारी शामिल रहे।

# महिला सुरक्षा को गंभीरता से काम कर रही पुलिसः एसएसपी

- ◆एसएसपी श्वेता चौबे ने कोतवाली में बने महिला डेस्क का किया लोकार्पण
- ◆महिला अपराधों से संबंधित शिकायतों का गंभीरता से किया जाएगा निराकरण

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस गंभीरता से कार्य कर रही है। कोटद्वार कोतवाली में खोले गए महिला हेल्प डेस्क का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को समय पर न्याय दिलवाना है।

इस दौरान उन्होंने कोटद्वार शहर को अतिक्रमण मुक्त करवाने की भी बात कही। कहा कि यातायात व्यवस्था में सुधार को लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कोतवाली में नवनिर्मित महिला डेस्क का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि हेल्प डेस्क कोटद्वार और आसपास के क्षेत्रों से आने वाली महिलाओं की समस्याओं को सुनने और उसके निस्तारण के लिए मददगार साबित होगी। कहा कि डेस्क के माध्यम से घरेलू हिंसा और अन्य पारिवारिक मामलों सहित किसी भी महिला संबंधी अपराध में सुनवाई बेहतर ढंग से हो सकेगी। महिलाएं अपनी हर समस्या पुरुषों के सामने पूरी तरह नही बता सकतीं इसलिए इस हेल्प डेस्क की अलग से स्थापना की गई है। इस हेल्प डेस्क में एक महिला दरोगा और चार महिला सिपाही हमेशा तैनात रहेंगी। जो महिलाओं की समस्याओं का सुन कर समाधान करेगीं।

वहीं उन्होंने कहा जनपद में यातायात व्यवस्था को चुस्त दुरस्त करने के जहां धरातल पर कार्य पुलिस कर रही है।

वहीं अपराधियों पर शिकंजा कसने के साथ नशा तस्करों की धरपकड़ में पुलिस अपने अभियान को तेज किये हुए है। कहा कि शहर को अपराध मुक्त बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। यही नहीं पुलिस नशे के खिलाफ भी अभियान चला रही है।

इस अवसर पुलिस क्षेत्राधिकारी गणेश लाल कोहली, एसएचओ विजय सिंह, एसएस-।आई जगमोहन रमोला, बाजार चौकी प्रभारी प्रद्युमन नेगी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क का लोकार्पण करती एसएसपी।

# दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने में डीडीआरसी निभाएं भूमिका

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी** : जला दिव्यांग पुनर्वास प्रबन्धन समिति के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने डीडीआरसी के नोड़ल अधिकारी को निर्देश दिये कि दिव्यांगजनों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आरबीएसके के साथ समन्वय से दिव्यांगों को लाभ दिलाने के साथ-साथ दिव्यांगजनों को स्वरोजगार से जोड़ने में डीडीआरसी भूमिका निभाएं। जिलाधिकारी ने समाज कल्याण अधिकारी को ओल्ड एज होम हेतु भूमि तलाशने के निर्देश दिये।

सोमवार को जिला कार्यालय सभागार में आयोजित डीडीआरसी की बैठक में जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय समिति के सदस्यों को निर्देश दिये कि डीडीआरसी में रिक्त पड़े 8 पदों को नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर भरें। दिव्यांगजनों को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिलें इस हेतु उन्होंने डीडीआरसी के नोडल अधिकारी को रेखीय विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए दिव्यांगजनों तक योजनाओं का प्रचार-प्रसार में एक सेतु के रुप में कार्य करने को कहा। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी व जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि डीडीआरसी द्वारा दिव्यांगजनों को वितरित किये जाने वाले उपकरणों के लेखा-जोखा की जांच कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होने कहा कि जो भी डीडीआरसी के केन्द्र बन रहे है उनमें फिजियोथेरेपिस्टो का चयन व तैनाती समय से करें। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार उनियाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कमलेश भारती, जिला पंचायतराज अधिकारी जितेंद्र कुमार, नोडल अधिकारी डीडीआरसी धर्मेन्द्र पंवार सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।



## वीर माधो सिंह भंडारी रेलवे टैक्सी संघर्ष समिति गठित

**श्रीनगर गढ़वाल** : ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना निर्माण में लगे टैक्सी वाहन स्वामियों और चालकों ने मलेथा में बैठक की। इस मौके पर वीर माधो सिंह भंडारी रेलवे टैक्सी संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसमें कपिल बडोनी को अध्यक्ष, प्रवीण महर को महासचिव और मधुसूदन सेमवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। समिति के प्रवक्ता गणेश भट्ट ने बताया कि देवप्रयाग सौड़, मलेथा, जनासू और रानीहाट में चल रही रेलवे परियोजना में लगाई गई टैक्सी सर्विस के बेहद कम भुगतान, 75000 से 1 लाख किमी. रीडिंग पर वाहनों को बाहर करने, ओवर टाइम का कम भुगतान सहित वाहन चालकों को आ रही विभिन्न परेशानियों के सामधान हेतु उक्त समिति का गठन किया गया है।समिति अध्यक्ष कपिल बडोनी ने कहा कि कम्पनी द्वारा 24 घंटे वाहनों का उपयोग करके 1 लाख किमी. चल चुकी गाड़ियों को 1-2 साल के भीतर ही परियोजना से बाहर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वाहन स्वामियों के अधिकारों का हनन किया गया तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में नरेंद्र रावत, मंजीत सिंह, प्रदीप राणा, अमरजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# सत्यापन न कराने पर 13 मकान मालिकों से 1 लाख 30 हजार जुर्माना वसूला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पुलिस का बाहरी राज्यों से जिले में आने वाले, निवासरत एवं कार्यरत व्यक्तियों का सत्यापन अभियान जारी है। रविवार को जिले में सत्यापन नहीं करवाए जाने पर 13 मकान मालिको का चालान करते हुए 1 लाख 30 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में छात्रों, श्रमिकों, किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फड़-फेरी, मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों का अग्रिम सत्यापन करने के लिए निर्देश दिए हुए है। जिस पर अभियान चलाते हुए पुलिस ने बीते रविवार को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में 136 किरायेदार, 67 मजदूर, 81 रेड़ी व ठेली वालों का सत्यापन किया गया। इस दौरान सत्यापन न करने वाले 13 मकान मालिकों के 1 लाख 30 हजार का चालान करते हुए कोर्ट को भेजे गए। रविवार को श्रीनगर पुलिस ने दो, कोटद्वार पुलिस ने पांच, लक्ष्मणझूला पुलिस ने तीन, पौड़ी, थैलीसैंण और महिला थाना श्रीनगर पुलिस ने एक-एक चालान कर माननीय नयाय को प्रेषित किये। एसएसपी ने बताया कि अभी तक इस अभियान के तहत सत्यापन नहीं करवाए जाने पर 188 मकान मालिकों का चालान करते हुए 18 लाख से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। अभियान आगे भी जारी रहेगा। सभी मकान मालिकों को जागरूक किया जा रहा है कि वह अपने किराएदारों का सत्यापन जरूर कराए।



पुलिस कर्मी मकान मालिक से किरायेदार के बारे में जानकारी लेते हुए।

## प्रतिभागी मनोयोग से ले प्रशिक्षण

श्रीनगर गढ़वाल : संकुल संसाधन केंद्र देवलगढ़ में पंचायत राज विभाग उत्तराखंड के सौजन्य से न्याय पंचायत स्तरीय पंचायत प्रतिनिधि वार्ड सदस्यों, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ।

कार्यक्रम का उदघाटन व राज्य आंदोलनकारी कुंजिका प्रसाद उनियाल ने किया। उन्होंने समाज के चहुंमुखी विकास में पंचायत प्रतिनिधियों, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान देवलगढ़ प्रमोद उनियाल ने सभी प्रतिभागियों से मनोयोग से प्रशिक्षण लेने की अपील की। सहायक विकास अधिकारी पंचायत कुंदन सिंह पुण्डीर व ग्राम पंचायत अधिकारी मनोज कुमार ने पंचायतराज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं पर प्रकाश डाला।

# सरकार की नीतियां महिलाओं के हित में नहीं : सरिता

### श्रीनगर में महिलाओं ने किया सरकार के विरोध में प्रदर्शन



श्रीनगर गढ़वाल : महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध एवं लगातार बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए महिलाओं ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बैठक कर महिलाओं ने देवभूमि तीलू महिला संगठन का गठन किया है। इस मौके पर अंकिता हत्याकांड को लेकर भी महिलाओं ने कड़ा विरोध जताया व अंकिता के परिजनों को इंसाफ दिलाने की मांग की। पूर्व राज्य मंत्री व आंदोलनकारी सरिता नेगी ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार की नीतियां महिलाओं के हित में नहीं हैं। प्रदेश में शराब के कारोबार में बृद्धि कर महिलाओं के शराब विरोधी आंदोलन पर करारा तमाचा है। सामाजिक कार्यकर्ता सरस्वती ने कहा कि श्रीनगर आंदोलन की जननी रही है। यहां शिक्षा का गढ़ माना जाता है, लेकिन यहां भी ड्रग्स की गिरफ्त में युवा बड़ी संख्या में आ रहे हैं।श्रीनगर में सोमवार को हुई बैठक में संगठन के गठन की विधिवत घोषणा की गई। इस मौके पर संगठन की संरक्षक व हिमालय बचाओ आंदोलन की सदस्य पूनम कैंतुरा ने कहा कि इतिहास गवाह है कि बड़े बदलाव लाने में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। नशा, बलात्कार, हत्या जैसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कहा इसी लड़ाई को एक मंच पर लड़ने के लिए देवभूमि तीलू महिला संगठन खड़ा किया गया है। राज्य आंदोलनकारी प्रमिला रावत ने कहा कि अंकिता भंडारी जैसी अनेक बालिकाएं व महिलाएं राज्य में अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। अंकिता प्रकरण में लगातार न्याय की गुहार लगाई जा रही है। लेकिन न्याय नहीं मिल पा रहा है।

## पदाधिकारियों को सेल्फ स्क्रूटनी की जानकारी दी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : युवा कांग्रेस के कार्यकारिणी के गठन के लिए चल रही चुनाव प्रक्रिया के तहत सोमवार को सेल्फ स्क्रूटनी की प्रकिया की गई। इस दौरान पदाधिकारियों ने सेल्फ स्क्रूटनी की जानकारी दी गई।

सोमवार को कांग्रेस कार्यालय में आयोजित सेल्फ स्क्रूटनी प्रक्रिया में पौड़ी जोनल इंचार्ज फनीन्द्र सिंह ने प्रत्याशियों व कार्यकर्ताओं को बताया कि इलेक्शन कमीशन द्वारा तीन लिस्ट जारी की गई। जिसमें रिजेक्ट लिस्ट, ऑन होल्ड लिस्ट और जो सही वोटर लिस्ट है। इसमें केवल ऑन होल्ड लिस्ट ठीक हो सकती है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद नेगी, प्रत्याशी आशीष नेगी, मोहित सिंह, संजना गुजराल, अंकित सुंदरियाल, गोपाल नेगी, अमन नेगी आदि मौजूद रहे।

## अशासकीय विद्यालयों की जांच एसआईटी से कराई जाए

श्रीनगर गढ़वाल : आरटीई कार्यकर्ता व भाजपा नेता कुशलानाथ ने जनपद पौड़ी में निजी, मान्यता प्राप्त एवं अशासकीय स्कूलों में नियुक्ति, निर्माण कार्यों एवं मान्यताओं की जांच की मांग की है। इस संदर्भ में शिक्षा मंत्री को उनकी ओर से ज्ञापन भेजा गया है।

जिसमें उन्होंने कहा है कि पूर्व में जनपद पौड़ी में कई स्कूलों को मान्यता दी गई, उन सभी स्कूलों की भौतिकी एवं स्थलीय भूमि भवनों की जांच होनी जरूरी है। साथ ही अशासकीय विद्यालयों में हुई नियुक्तियों की जांच उन्होंने एसआईटी से कराए जाने की मांग की है। (एजेंसी)

## स्टेडियम निर्माण के भरान कार्य की गुणवत्ता पर उठाएं सवाल

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के छात्र संघ विवि प्रतिनिधि अमन पंवार ने चौरास परिसर में चल रहे स्टेडियम निर्माण के लिए चल रहे भरान कार्य में गुणवत्ता का ध्यान न रखे जाने पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। इस संदर्भ में प्रति कुलपति को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि जहां पर मलबा भरान का कार्य किया जा रहा है उसकी सुरक्षा दीवार की बुनियाद कच्ची है। इसी कच्ची बुनियाद के ऊपर मलबे को डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे एवं विवि प्रशासन की ओर से इस मामले में अनदेखी बरती जा रही है। कहा यदि दो दिन के अंदर इस मामले में सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती है तो वह छात्रों को साथ में लेकर आंदोलन करने व रेलवे के वाहनों को गेट से अंदर नहीं जाने देने के लिए विवश हो जाएंगे। (एजेंसी)

# कोटद्वार, पौड़ी और श्रीनगर में बनेगें डॉग केंद्र

### श्रीनगर और कोटद्वार में एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर होगें निर्मित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी ने कहा कि आक्रामक कुत्तों को रखने के लिए कोटद्वार, पौड़ी और श्रीनगर में डॉग केन्द्र बनाये जायेगें। उन्होंने अधिकारियों को कोटद्वार, श्रीनगर और पौड़ी में डॉग केन्द्र बनाने के लिए स्थल चयन करने, दीर्घकालिक समाधान के लिए श्रीनगर और कोटद्वार में एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) सेंटर निर्मित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिये।आक्रामक कुत्तों के संबंध में कार्यवाही किये जाने से संबंधित जनपदीय पशु क्रूरता निवारण समिति की जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। डीएम ने विभिन्न क्षेत्रों में पाये जाने वाले आक्रामक कुत्तों का क्षेत्रवार चिन्हिकरण करने, विशेषज्ञ टीम द्वारा उनको पकड़ने, कुत्तों की हालात के अनुरूप यदि किसी तरह की चिकित्सा की आवश्यकता हो तो उसकी चिकित्सा करने, कोटद्वार, श्रीनगर और पौड़ी में आक्रामक कुत्तों को रखने के डॉग केन्द्र बनाने की दिशा में समस्त नगर निकायों, पशुपालन विभाग, संबंधित उपजिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने डॉग के चिन्हीकरण के समय इस बात का ध्यान रखने को कहा कि आक्रामक कुत्ता चिन्ह्किरण से छूट ना जाये तथा चिन्ह्किरण के पश्चात डॉग आपस में आक्रामकता से नुकसान न कर सके, इसके लिए डॉग केन्द्र पर उसी अनुरूप व्यवस्थाएं रखें। उन्होंने इसके लिए न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने, अगली बैठक में यथोचित प्रगति विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। जनपद में उन्होंने अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की, जिसमें मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सदस्य सचिव, संबंधित उपजिलाधिकारी और संबंधित नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी भी इसमें सदस्य रहेंगे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डें, उपजिलाधिकारी आकाश जोशी, अजयवीर सिंह, सीओ सदर प्रेमलाल टम्टा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. पीएस बिष्ट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान कलेक्ट्रेट सभागार में पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक लेते हुए।

# छात्रों को महिला सुरक्षा के बारे में जानकारी दी

नई टिहरी : राजकीय महाविद्यालय पावकी देवी में सोमवार को शिवपुरी थानाध्यक्ष प्रदीप रावत व पुलिस जवानों ने छात्रों को उत्तराखंड पुलिस की तत्काल सेवा व उत्तराखंड शासन की ओर से लांच गौरा शक्ति ऐप के बारे में छात्रों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पुलिस जवानों ने छात्रों को गौरा शक्ति ऐप के तहत लोकेशन ट्रैक करना, ट्रैफिक आई, एसओएस महिला सुरक्षा सहित कई प्रकार की जानकारी दी। उधर दूसरी ओर राजकीय महाविद्यालय नैनबाग की प्राचार्या डॉ. सुमिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक कदम महिला सुरक्षा अभियान के तहत नैनबाग पुलिस चौकी इंचार्ज सुभाष कुमार ने छात्रों को गौरा शक्ति ऐप के बारे में जानकारी देने के साथ प्रशिक्षण भी दिया। उन्होंने छात्रों को महिलाओं के साथ हो रहे दुराचार को लेकर गौरा शक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी। पुलिस जवानों ने शिक्षकों, छात्रों तथा कर्मचारियों से अपने मोबाइल फोन पर उक्त ऐप डाउनलोड करने को कहा है। मौके पर अजय राज सिंह, डॉ. छाया चतुर्वेदी, डॉ. तनुआर बाली, प्रो. नीलू कुमारी, ब्रीश कुमार, परमानंद चौहान, गुंजन जैन, मुकेश रावत, निखिल, संदीप कुमार, दिनेश चंद्र, चतर सिंह, अनिल सिंह, रोशन रावत आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## वॉलीबाल में गोपेश्वर कॉलेज बना विजेता

चमोली : गोपेश्वर महाविद्यालय में आयोजित अंतर महाविद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिता संपन्न हो गयी है। वॉलीबाल प्रतियोगिता में महिला वर्ग में गोपेश्वर महाविद्यालय की टीम विजयी रही और कोटद्वार महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही। वॉलीबाल प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश विजेता रहा जबकि डोईवाला महाविद्यालय उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक चमोली नताशा सिंह ने कहा कि खेल में बहुत संभावनाएं हैं और खेल भी अब पूर्णकालिक करियर बन गया है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. मनोज उनियाल, क्रीड़ा सचिव डॉ. ललित तिवारी, डॉ. नाभेन्द्र गुसाईं, जिला क्रीड़ाधिकारी जयबीर रावत, रेफरी गोपाल बिष्ट, कमल किशोर चौहान, रमेश पंखोली, नवीन कुंवर, शांति थपलियाल, योगेंद्र बर्तवाल, अशोक रावत, हेम पुजारी आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# नाबालिग को युवक के साथ जयपुर से किया बरामद

नई टिहरी : थाना घनसाली पुलिस ने नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में तहसील बालगंगा निवासी युवक को जयपुर राजस्थान से पकड़ा, साथ में नाबालिग लड़की भी बरामद की।

पुलिस की मीडिया सेल ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती 3 अक्तूबर को राजस्व क्षेत्र ग्राम मयकोट से नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में राजस्व थाना कौंती में मामला आईपीसी की धारा 363 व 366 में दर्ज किया गया था। मामले को बाद में बीती 8 अक्तूबर को रेगुलर पुलिस को सौंपा गया। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर मामले में कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया।

काफी तहकीकात व छानबीन के बाद मामले में थाना घनसाली ने अथक प्रयास करते हुए जनपद टिहरी गढ़वाल की तहसील बालगंगा के ग्राम मयकोट निवासी महेश पुत्र विजय लाल को जयपुर राजस्थान से गिरफ्तार किया गया।

साथ ही कब्जे से अपहृत की गई नाबालिग लड़की को भी बरामद किया गया। आरोपी को न्यायलय में पेश किया गय है। आरोपी को पकड़ने में एसआई कमल कुमार, महिला एसआई बरसा रमोला, शुभकरण पाल विमला शर्मा का अहम योगदान रहा। (एजेंसी)

## 26 को मनायेगें वीर बाल दिवस

चमोली : श्री गुरु गोविन्द सिंह के साहिबजादा जोरावर सिंह (9 वर्ष) और फतेह सिंह (6 वर्ष) के बलिदान दिवस 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाये जाने की प्रधानमंत्री की घोषणा का हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष नरेन्द्र जीत बिन्द्रा ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार ने साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के शौर्य और बलिदान के बारे में नई पीढ़ी को अवगत कराने के लिए विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन को जो निर्णय लिया है। वह प्रशंसनीय है। नरेन्द्र जीत सिंह बिन्द्रा ने कहा प्रदेश के विद्यालयों में यह निबंध प्रतियोगिता विकास खंड, जनपद और राज्य स्तर आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ आने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के विजेता छात्रों को गुरुद्वारा श्री हेमकुन्ट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट द्वारा नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। (एजेंसी)

### 20 को होगी बीडीसी की बैठक

रुद्रप्रयाग : क्षेत्र पंचायत जखोली की त्रैमासिक बैठक 20 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रदीप थपलियाल की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी। खण्ड विकास अधिकारी सूर्य प्रकाश ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि 19 दिसम्बर को क्षेत्र पंचायत की उप समितियों की बैठक तथा 20 दिसम्बर को क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न होगी, जिसमें शिक्षा, पेयजल, सड़क, संचार सहित विभिन्न विभागीय मुद्दों पर चर्चा की जायेगी।

# अतिथि शिक्षक आज से शुरू करेंगे धरना प्रदर्शन

रुद्रप्रयाग : राजकीय माध्यमिक अतिथि शिक्षक संघ अपने सुरक्षित भविष्य की मांग को लेकर 13 दिसम्बर से निदेशालय देहरादून में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। संघ के जखोली ब्लाक अध्यक्ष डा. प्रवीन जोशी ने बताया कि अतिथि शिक्षक विगत सात सालों से अल्प मानदेय पर प्रदेश के विभिन्न दुर्गम व अति दुर्गम के विद्यालयों में अपने सेवाएं दे रहे हैं, इसके बावजूद भी प्रदेश सरकार उनके सुरक्षित भविष्य को लेकर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण जोशी ने कहा है कि अतिथि शिक्षक सरकार के उपेक्षित रवैए से खफा होकर 13 दिसम्बर से शिक्षा निदेशालय देहरादून में अनिश्चितकालीन अनशन एवं धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन व सरकार की होगी। (एजेंसी)




## 18 दिसम्बर को होगी बैठक

रुद्रप्रयाग : इस वर्ष भी मुख्यालय स्थित पुंडेश्वर महादेव मंदिर पुनाड़ में आने वाले दिनों में वृहद अनुष्ठान किया जाएगा। इसके लिए पांडव नृत्य एवं शिव समिति द्वारा 18 दिसम्बर को एक बैठक होगी। इसमें विचार विमर्श एवं सुझाव लिए जाएंगे।

पांडव नृत्य एवं शिव समिति के अध्यक्ष प्रकाश भारती, सचिव सुनील नौटियाल एवं कोषाध्यक्ष विक्रम कप्रवाण ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन को लेकर 18 दिसम्बर को सुबह 11 बजे महादेव मंदिर पुनाड़ में एक आवश्यक बैठक की जानी है। उन्होंने समिति से जुड़े ग्राम पंचायत बर्सू के बर्सू, जयमंडी, डांगसेरा, बिलोटा, औंण एवं नगर क्षेत्र के हीतडांग, पुनाड़, भाणाधार, गुलाबराय, अमसारी आदि स्थानों पर रहने वाले सभी परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में पहुंचने का आग्रह किया है। (एजेंसी)

## 16 को होगा विश्व विद्यालय का दीक्षांत समारोह

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वारः वरिष्ठ अधिवक्ता एवं आयुर्वेद विश्व विद्यालय हर्रावाला देहरादून की कार्यसमिति के सदस्य अरूण कुमार भट्ट ने कहा कि विश्व विद्यालय का दीक्षांत समारोह 16 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। समारोह विश्व विद्यालय प्रांगण में होगा। इस-के मुख्य अतिथि राज्यपाल गुरमीत सिंह होंगे। जबकि, विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रहेंगे।

## पर्यटन मंत्री 15 को पौड़ी में

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज आगामी 15 दिसंबर को पौड़ी में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट वार्ता करेंगे। जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने बताया कि पर्यटन मंत्री 15 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंट वार्ता के साथ अनेक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे

## जय प्रकाश राष्ट्रीय फेलोशिप सम्मान से सम्मानित

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय इंटर कॉलेज पिपलीधार डागर के शिक्षक जय प्रकाश कृथ्वाल को विद्यालयों में पारंपरिक गढ़भोज को एमडीएम में लागू करवाने और पर्यावरण तथा सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने पर डा. अम्बेडकर राष्ट्रीय फेलोशिप सम्मान से नवाजा गया।

कृथ्वाल को यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित 38वीं भारतीय दलित साहित्य अकादमी द्वारा प्रदान किया गया। शिक्षक जय प्रकाश कृथ्वाल ने बताया कि समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से लेखक, साहित्कार, डॉक्टर सहित आदि लोगों ने शिकरत की। कृथ्वाल को सम्मान मिलने पर राइंका पिपलीधार के प्रधानाचार्य अजय कुमार धीमान एंव शिक्षकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने खुशी जाहिर की है। (एजेंसी)

# रूद्रप्रयाग में 11 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : 18 दिसंबर 2022 को आयोजित होने वाली पुलिस आरक्षी, पीएसी, आई आरबी पुरुष व महिला परीक्षा के लिए तहसील रुद्रप्रयाग के अंतर्गत कुल 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

आयोजित होने वाले परीक्षा केंद्रों में परीक्षा अवधि के दौरान धारा-144 प्रभावी रहेगी।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए उप जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग अपर्णा ढौंडियाल ने बताया कि परीक्षा अवधि में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा परीक्षा केंद्रों के बाहर व भीतर अनुशासनहीनता, धमकी, मारपीट तथा घातक आक्रमण जैसी घटनाओं आदि के मध्यनजर सब डिवीजन रूद्रप्रयाग के क्षेत्रांतर्गत परीक्षा तिथि व समय के दौरान दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 प्रभावी रहेगी।

उन्होंने बताया कि सब डिवीजन रुद्रप्रयाग की सीमांतर्गत स्थित राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज रूद्रप्रयाग, रतूड़ा, अगस्त्यमुनि, नगरासू, जीजीआईसी रुद्रप्रयाग, जीजीआईसी अगस्त्यमुनि, गुरू रामराय पब्लिक स्कूल, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि, अनूप नेगी पब्लिक मेमोरियल स्कूल तथा चिल्ड्रन एकेडमी इंटरमीडिएट कॉलेज अगस्त्यमुनि तथा राजकीय पॉलीटेक्निक रतूड़ा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है तथा प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक एकल सत्र में आयोजित होने वाली परीक्षा केंद्रों में धारा-144 प्रभावी रहेगी तथा उलंघन करने पर भारतीय दंड विधान की धारा-188 द.प्र.सं. के अंतर्गत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

चमोली : गोपेश्वर-घिंघराण मोटर मार्ग पर बटलेश्वर मंदिर के समीप 4 दिसंबर को समय रात 8.30 बजे वाहन संख्या यूके 11टीए-8055 बोलेरो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। दुर्घटना के समय वाहन में चालक सहित पांच व्यक्ति सवार थे। जिसमें दो लोगों की मृत्यु हुई। जबकि तीन व्यक्ति घायल हुए है। जिला मजिस्ट्रेट चमोली हिमांशु खुराना के आदेशों के अनुपालन में इस वाहन दुर्घटना की मजिस्ट्रेटी जांच उप जिला मजिस्ट्रेट चमोली द्वारा की जा रही है।

## ठोस और तरल कूड़े के प्रबंधन की जानकारी दी

विकासनगर। नगर पालिका विकासनगर और हरबर्टपुर में आयोजित संगोष्ठी में लोगों को कर्मचारियों को ठोस और तरल कूड़े के प्रबंधन की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि जितना हो सके कचरे को कम किया जाना चाहिए। नगर पालिका विकासनगर और हरबर्टपुर में सोमवार को अपशिष्ट प्रबंधन विषय पर संगोष्ठी आयोजित की है। इसमें नागरिकों, जन प्रतिनिधियों और कर्मचारियों को ठोस और तरल कूड़े के प्रबंधन की जानकारी दी गई। नगर पालिका विकासनगर के सभागार में अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता बद्री प्रसाद भट्ट ने बताया कि जितना हो सके कचरे को कम किया जाना चाहिए। रिसाइक्लिंग के माध्यम से इस कचरे में सामग्री के दुबारा उपयोग की कोशिश की जानी चाहिए। इसके साथ ही खाद और उर्वरक कार्यों में कचरे का अधिकतम उपयोग किया जा सकता है। बताया कि महत्वपूर्ण कचरे के उत्पादन को कम करना है। कागज और अन्य कार्बनिक पदार्थों से खाद बनाई जा सकती है। नगर पालिका हरबर्टपुर के सभागार में जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी भगवंत सिंह ने बताया कि कचरा आबादी वाले क्षेत्र से दूर जमा किया जाना चाहिए।


**उत्तर रेलवे**

**सी०एम०पी० को नियुक्त करना**

उत्तर रेलवे मण्डल चिकित्सालय, मुरादाबाद में अनुबन्ध के आधार पर मेडिकल Practitioners की नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी, सेवा शर्तें आवेदन का प्रारूप आदि उत्तर रेलवे की वेबसाइट https://nr.indianrailways.gov.in मुरादाबाद मण्डल पर उपलब्ध है। रा०-ई/ई०ओ०/सी०एम०पी०/नियु०/2022, दिनांक 10.12.2022

3360/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# केएलएफ की सक्रियता चिंताजनक

पंजाब के तरनतारन क्षेत्र से लगे पाकिस्तान सीमा से लगभग 40 किलोमीटर दूर सरहरी पुलिस थाने पर ग्रेनेड हमलों ने पुलिस और सेना के कान खड़े कर दिए हैं। एक लंबे समय बाद खालिस्तान लिबरेशन फोर्स की हरकतें पंजाब में दिखाई दी हैं जिसके तहत कनाडा से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। पंजाब के लिए यह एक चिंता वाली बात है क्योंकि लंबे समय से यहां केएलएफ आतंकी एवं उनको मदद करने वाले सक्रिय हो रहे हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह हमला कनाडा में बैठे केएलएफ आतंकी लखबीर सिंह के इशारे पर किए गए हैं। माना जा रहा है कि पंजाब की आबोहवा को बिगाड़ने के लिए आने वाले समय में अभी अन्य थानों को भी टारगेट पर लिया जा सकता है। इस घटना के बाद केंद्र सरकार भी पंजाब की सुरक्षा को लेकर गंभीर हो गई है। इससे पहले भी पंजाब में हुए आतंकी हमलों के पीछे खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट का नाम आता रहा है और अब इस हमले के बाद यह लगभग पुष्टि हो चुकी है कि खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट पंजाब में सक्रिय होने की कोशिश कर रहा है। यहां कहीं ना कहीं स्थानीय पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है क्योंकि सुरक्षा को लेकर पहले ही थाना पुलिस को आगाह किया गया था लेकिन बावजूद इसके ना तो यहां पोस्ट बनाई गई और ना ही अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया। फिलहाल हमला करने वाले आतंकियों को ढूंढने का काम किया जा रहा है लेकिन इस घटना ने एक बड़ी चिंता सुरक्षाबलों के आगे खड़ी कर दी है। खालिस्तान लिबरेशन फ्रंट का पंजाब में पूर्व में हुए आतंकी हमलों में पहले भी हाथ रहा है और पंजाब से पूर्व में आतंकियों के पूर्ण सफाई के बाद यहां कनाडा एवं भारत से बाहर के कुछ अन्य देशों से गतिविधियों को संचालित करने की कोशिश नजर आती रही हैं। एक लंबी मशक्कत के बाद पंजाब से आतंकवाद को जड़ से समाप्त किया गया था लेकिन पिछले कुछ समय में केएलएफ का पुनः सक्रिय होना आने वाले भविष्य के लिए खतरे का संकेत है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है और अब देखना यह है कि राज्य सरकार इस संभावित खतरे से कैसे नहीं पड़ती है। निश्चित तौर पर चिंगारी को और अधिक भड़कने से पहले बुझाने का प्रयास करना होगा अन्यथा या आज अगर एक बार बड़ा गई तो इस पर नियंत्रण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल इस हमले के बाद राज्य पुलिस मामले की जांच कर रही है लेकिन आतंकियों की तलाश के लिए जल्दी केंद्र सरकार की ओर से अर्धसैनिक बलों या फिर सेना की मदद भी ली जा सकती है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि थाने में किया गया यह हमला बेहद करीब से किया गया था और हमला करने के बाद आतंकवादी वहां से फरार भी हो गए। सुरक्षा व्यवस्था इतनी चाक–चौबंद भी नहीं थी की तत्काल पुलिसकर्मी पोजीशन लेकर आतंकियों का पीछा कर सके या उन्हें जवाब दे सके। इस हमले को अब हल्के में नहीं लिया जा सकता और जरूरी है कि केंद्र सरकार कोई बड़ी आतंकी गतिविधि होने से पूर्व इस दिशा में बड़ा निर्णय ले।

# राजकुमारी अमृत कौर : सचमुच विलक्षण...

**राजकुमारी की शिक्षा–दीक्षा ब्रिटेन में हुई थी। किन्तु जालियांवाला नरमेध ने उन्हें झकझोर दिया। वह उपनिवेशवादी ब्रिटेन की कट्टर आलोचक हो गयीं और मुक्ति उनका अभीष्ट हुई। उन्होंने सामाजिक सुधारों के लिए जंग टेड़ी। उन्होंने पर्दा प्रथा और बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठायी और देवदासी प्रथा का मुखर विरोध किया। सन् 1927 में वह अल इंडिया वूमेंस कांग्रेस की सह–संस्थापक रही। सन् 1930 में वह इसकी सेक्रेटरी बनीं और सन् 1933 में अध्यक्ष। सन् 1930 में दांडी कूच में भाग लेने पर बर्तानवी हुकूमत ने उन्हें जेल भेज दिया। सन् 1934 में वह रहने के लिए बापू के आश्रम में चली आईं। उन्होंने आडंबरहीन साद्गीपूर्ण जीवन अपना लिया और मुक्तिव्रती हुईं। साहस–वृत्ति के चलते भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने उन्हें सन् 1937 में एक सद्भावना मिशन के तहत पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बन्नू भेजा। हुकूमत ने उन्हें बंदी बनाकर जेल में डाल दिया।**



**डा.सुधीर सक्सेना**

वह सचमुच विलक्षण थीं। उनका जीवन वैभव, त्याग, सेवा, समर्पण और सम्मान की चमकीली लडियों से गुंथा हुआ था। वह शाही-परिवार में जनमीं। विलायत में पली-बढ़ीं। गांधी से मिलीं तो उनके पीटे चल पड़ीं। उनकी सेक्रेटरी रहीं। अनेक बार जेल गयीं। बापू से अनुप्राणित होकर सरल-सादा, आडंबरहीन जीवन जिया। संविधान सभा की सदस्य रहीं और सांसद और मंत्री भी। स्वतंत्र भारत की वह पहली महिला काबीना मंत्री रहीं। उन्होंने कई संस्थाओं की नींव डाली और कई योजनाओं की सूत्रधार बनीं। वह एकाकी रहीं, तन, मन और धन से देश को समर्पित। वह ईसाई मतावलंबी थीं किन्तु उनकी अंत्येष्टि उनकी इच्छानुरूप सिख परंपरा से हुई। उन्होंने अपनी संपत्ति शैक्षणिक प्रयोजन से दान कर दी। एम्स के रूप में उन्होंने देश को अनमोल-संजीवनी सौगात दी। इसे अतज्ञता या तघ्नता ही कहेंगे कि हम ऐसी बहुआयामी विलक्षण महिला को भूल चले हैं, जिसका नाम था राजकुमारी अमृत कौर।

राजकुमारी अमृत कौर ऐसी विरल शख्सियत हैं, जो उन्नीसवीं शताब्दी के अंत में आईं और उन्होंने बीसवीं सदी के मध्य को अपने तपरूपूत कार्यों से आलोकित किया। राजकुमारी का जन्म 2 फरवरी, सन् 1889 को अवध-प्रांत की राजधानी लखनऊ में हुआ। उनके पिता राजा हरनाम सिंह कपूरथला रियासत से संबंद्ध थे और उथ्तराधिकार के संघर्ष के चलते कपूरथला से लखनऊ चले आये थे। वह कपूरथला के महाराज रणधीरसिंह अहलूवालिया के छोटे बेटे थे। लखनऊ आकर वह अवध रियासत के मैनेजर हुए और बादशाह बाग में रहने लगे। राजकुमारी का बचपन वहीं बीता। राजा हरनाम की दस संतानों में राजकुमारी इकलौती बेटी और अंतिम संतान थीं। बंगाल से लखनऊ आये गोलकनाथ चटर्जी के प्रभाव में उन्होंने ईसाई धर्म स्वीकार कर लिया था। गोलकनाथ की बेटी प्रीसिला से ही उन्होंने शादी भी की। मां-पिता की लाड़ली राजकुमारी का पालन-पोषण प्रोटेस्टेंट ईसाई के तौर पर हुआ। इंग्लैंड में डोरसेट में शेरबोर्न स्कूल फर गर्ल्स में शिक्षा-दीक्षा के बाद उच्च शिक्षा के लिए वह अक्सफोर्ड गयीं। वहां से पढ़ाई पूरी कर वह सन् 1918 में भारत लौटीं, जहां एक सर्वथा भिन्न जीवन उनकी प्रतीक्षा में था।

राजकुमारी इंग्लैंड से लौटीं तो स्वतंत्रचेता स्त्री थीं। वह भारत की मुक्ति की आकांक्षी थीं। उनके पिता के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और उसके नेताओं से प्रगाढ़ संबंध थे। गोपालष्ण गोखले उनके यहां अक्सर आया करते थे। राजकुमारी को महात्मा गांधी के विचारों ने गहरा प्रभावित किया। वह गांधी युग की पूर्व बेला थी। सन् 1919 में राजकुमारी पहले पहल बंबई में बापू से मिलीं। इस मुलाकात ने उनकी जिंद्गी बदल दी। वह 16 वर्षों तक बापू की सचिव रहीं। बापू और उनके मध्य पत्राचार बाद में प्रकाशित हुआ। उनके पत्र आज भी नेहरु मेमोरियल और तीन मूर्ति भवन की लाइब्रेरियों में सुरक्षित हैं। गांधी और गांधीवाद को समझने के मान से वे महत्वपूर्ण हैं।

राजकुमारी की शिक्षा-दीक्षा ब्रिटेन में हुई थी। किन्तु जालियांवाला नरमेध ने उन्हें झकझोर दिया। वह उपनिवेशवादी ब्रिटेन की कट्टर आलोचक हो गयीं और मुक्ति उनका अभीष्ट हुई। उन्होंने सामाजिक सुधारों के लिए जंग टेड़ी। उन्होंने पर्दा प्रथा और बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठायी और देवदासी प्रथा का मुखर विरोध किया। सन् 1927 में वह अल इंडिया वूमेंस कांग्रेस की सह-संस्थापक रही। सन् 1930 में वह इसकी सेक्रेटरी बनीं और सन् 1933 में अध्यक्ष। सन् 1930 में दांडी कूच में भाग लेने पर बर्तानवी हुकूमत ने उन्हें जेल भेज दिया। सन् 1934 में वह रहने के लिए बापू के आश्रम में चली आईं। उन्होंने आडंबरहीन साद्गीपूर्ण जीवन अपना लिया और मुक्तिव्रती हुईं। साहस-वृत्ति के चलते भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने उन्हें सन् 1937 में एक सद्भावना मिशन के तहत पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बन्नू भेजा। हुकूमत ने उन्हें बंदी बनाकर जेल में डाल दिया। ब्रिटिश सरकार ने उन्हें शिक्षा सलाहकार मंडल का सदस्य मनोनीत किया, लेकिन भारत छोड़ो आंदोलन में शिरकत के चलते राष्ट्रव्रती राजकुमारी ने मेंबरशिप से इस्तीफा दे दिया।

राजकुमारी आजादी, अधिकारों और सुधारों के लिए आवाज उठाने से कभी नहीं चूकीं। भारत में संवैधानिक सुधारों पर ब्रिटिश संसद की संयुक्त सांसद के सम्मुख उन्होंने पुरजोर तरीके से अपनी बात रखी। उन्होंने अल इंडिया वीमेन्स एजुकेशन फंड एसोसिएशन की सदारत की। वह लेडी इरविन कलेज की अधिशासी समिति की सदस्य रहीं। सन् 1945 और 46 में वह लंदन और पेरिस में यूनेस्को सम्मेलन में भेजे गए भारतीय शिष्टमंडल की सदस्य रहीं।

वह अल इंडिया स्पिनर्स एसोसिएशन के न्यासी मंडल की सदस्य भी रहीं। निरक्षरता-उन्मूलन के लिए उनकी सक्रियता सतत बनी रहीं। भारत आजाद हुआ तो वह धारा सभा के लिए चुनी गयीं। उन्होंने मौलिक अधिकारों और अल्पसंख्यकों पर उपसमितियों के सदस्य की हैसियत से संविधान निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। उन्होंने समान नागरिक संहिता की वकालत की। उन्होंने समान मताधिकार और धार्मिक अधिकारों के लिए भाषा के संरक्षण पर खुलकर विचार व्यक्त किये। अपने मिशन के प्रति समर्पित वह देश की स्वतंत्रता के साथ ही राजकुमारी के जीवन की नयी चमकीली पारी शुरू हुई। प्रधानमंत्री पं. नेहरु ने अपने पहले ही मंत्रिमंडल में बतौर स्वास्थ्य मंत्री लिया। इस तरह वह भारत की पहली महिला काबीना मंत्री बनीं। उन्होंने इस दायित्व का बखूबी निर्वाह किया। खामियां और किल्लतें उनके आड़े न आईं। वह दस साल स्वास्थ्य मंत्री रहीं। जनवरी, सन् 1949 में वह डेम आफ द अर्डर अफ सेंट जन नियुक्त हुईं। अगले वर्ष वह वर्ल्ड हेल्थ असेंबली की अध्यक्ष चुनी गयीं। भारत में मलेरिया की रोकथाम के लिए उन्होंने बड़ा अभियान टेड़ा। उन्होंने तपेदिक के खिलाफ मुहिम की अगुवाई की। विश्व का विशालतम बीसीजी टीकाकरण प्रोग्राम भारत में उन्हीं की बदौलत संभव हुआ।

बतौर स्वास्थ्य मंत्री राजकुमारी अमृत कौर का भारत में हेल्थ केयर के लिए सबसे महत्वपूर्ण उपक्रम था अल इंडिया इंस्टीट्यूट अफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) की दिल्ली में स्थापना। इसकी पहली अध्यक्ष के तौर पर कौर ने सन् 1956 में पहला बिल लोकसभा में पेश किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण की इस सार्थक परिणति के साथ ही उन्होंने इसके लिए पश्चिम जर्मनी, न्यूजीलैंड, अमेरिका, स्वीडन और अस्ट्रेलिया से फंड भी जुटाया। सुश्री कौर और उनके एक भाई ने एम्स के स्टाफ और नर्सों के लिए शिमला स्थित अपनी पैतृक संपत्ति और मैनरविले नामक कोठी दान कर दी। उन्होंने भारतीय बाल कल्याण परिषद की स्थापना में भी अहम भूमिका निभायी। वह 14 वर्षों तक इंडियन रेडक्रास सोसाइटी की अध्यक्ष रहीं। उनके कार्यकाल में रेडक्रास ने सराहनीय काम किये। वह यक्ष्मा और कुष्ठ निवारण संस्थाओं से जुड़ी रही। उन्होंने अमृत कौर कलेज अफ नर्सिंग और नेशनल स्पोर्टस क्लब अफ इंडिया की भी शुरूआत की। सन् 1946 में दिल्ली में संस्थापित नर्सिंग कलेज के लिए उने अथक प्रयासों के तज्ञतास्वरूप भारत सरकार ने उसका नामकरण उनके नाम पर किया। सन् 57 से सन् 64 तक वह राज्यसभा की सदस्य रहीं और एम्स, टीबी एसोसिएशन आफ इंडिया और सेंट जन्स एम्बुलेंस कर्प्स की बैठकों की अध्यक्षता करती रहीं।

रेने सैण्ड मेमोरियल अवार्ड से विभूषित सुश्री कौर को श्टाइम पत्रिका ने सन् 1947 में वर्ष की महिला का खिताब दिया। 6 दिसंबर को उन्होंने दिल्ली में आंखें मूंदी तो उनका अंतिम संस्कार सिख विधि-विधान से हुआ। वे नहीं हैं, किन्तु एम्स व अन्य संस्थान उनके जीवंत स्मारक के रूप में जीवित हैं।

# जिस कारोबार में मंदी नहीं



एक कारोबार है, जिसमें लगातार उछाल है। यह ऐसा कारोबार है, जिसमें कभी मंदी नहीं आती। लेकिन यह दुनिया के लिए खुशी की खबर नहीं है। बल्कि अफसोसनाक है कि जब दुनिया कोरोना महामारी के मारक प्रभावों के साये में है, तब भी हथियारों का कारोबार बढ़ा है।

दुनिया आर्थिक मंदी की तरफ जा रही है। खाद्य और ऊर्जा संकट न सिर्फ विकासशील देशों में, बल्कि धनी देशों में भी गहरा गया है। इसके बावजूद एक कारोबार है, जिसमें लगातार उछाल है। यह ऐसा कारोबार है, जिसमें कभी मंदी नहीं आती। लेकिन यह दुनिया के लिए खुशी की खबर नहीं है। बल्कि अफसोसनाक है कि जब दुनिया कोरोना महामारी के मारक प्रभावों के साये में है, तब भी हथियारों का कारोबार बढ़ा है। स्टकहोम पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट (सिप्री) की रिपोर्ट के मुताबिक 2021 में हथियारों की वैश्विक बिक्री में करीब दो फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। यह लगातार सातवां साल है जबकि हथियारों की बिक्री बढ़ी है। सिप्री की रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन युद्ध के बनते हालात कारण बीते साल वृद्धि देखी गई।

**सिप्री का अनुमान है कि सप्लाई चेन में बाधा का असर हथियारों के निर्माण पर पड़ सकता है और अमेरिका और यूरोप की अपने जखीरे को और मजबूत करने की कोशिशें प्रभावित हो सकती हैं। दोनों ही पक्षों ने यूक्रेन को अरबों डलर के हथियार और गोला बारूद सप्लाई किए हैं। अब अगर सप्लाई चेन की बाधा जारी रहती है, तो कुछ हथियार उत्पादकों को यूक्रेन युद्ध के कारण पैदा हुई मांग पूरी करने में सालों लग सकते हैं। लेकिन इस बीच यह तो तय है कि इस कारोबार में उछाल जारी रहेगा। 2021 में 592 अरब डलर के हथियारों की बिक्री हुई, जो 2020 के मुकाबले 19 फीसदी ज्यादा है। अगर सप्लाई चेन की दिक्कतें ना होतीं, तो 2021 में हथियारों की बिक्री में और ज्यादा वृद्धि होती।**

सिप्री का अनुमान है कि सप्लाई चेन में बाधा का असर हथियारों के निर्माण पर पड़ सकता है और अमेरिका और यूरोप की अपने जखीरे को और मजबूत करने की कोशिशें प्रभावित हो सकती हैं। दोनों ही पक्षों ने यूक्रेन को अरबों डलर के हथियार और गोला बारूद सप्लाई किए हैं। अब अगर सप्लाई चेन की बाधा जारी रहती है, तो कुछ हथियार उत्पादकों को यूक्रेन युद्ध के कारण पैदा हुई मांग पूरी करने में सालों लग सकते हैं। लेकिन इस बीच यह तो तय है कि इस कारोबार में उछाल जारी रहेगा। 2021 में 592 अरब डलर के हथियारों की बिक्री हुई, जो 2020 के मुकाबले 19 फीसदी ज्यादा है। अगर सप्लाई चेन की दिक्कतें ना होतीं, तो 2021 में हथियारों की बिक्री में और ज्यादा वृद्धि होती। सिप्री ने दुनिया की सौ सबसे बड़ी कंपनियों की सूची भी बनाई है, जो हथियार या उनसे जुड़ीं सेवाएं उपलब्ध कराती हैं। इनमें अमेरिका की सबसे ज्यादा 40 कंपनियां हैं, जिन्होंने 2021 में कुल 299 अरब डलर के हथियार बेचे। 2021 में 100 सबसे बड़े हथियार सप्लायरों में 27 के मुख्यालय यूरोप में थे। 2020 के मुकाबले इस क्षेत्र से हथियार बिक्री 42 फीसदी ज्यादा रही और कुल 123 अरब डलर के हथियार बिके।

# राजनीति :सामान्य नहीं ये नतीजे

**कृष्ण प्रताप सिंह**

एक मजेदार प्रसंग से बात शुरू करते हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता केशवप्रसाद मौर्य ने अति उत्साह में गुरुवार को मतगणना का पहला रुझान आने से पहले ही ट्वीट कर दिया, श्आज यूपी के उपचुनाव परिणाम भविष्य के लिए निर्णायक संदेश देने वाले होंगे तो आम तौर पर उसे आजमगढ़ और रामपुर लोक सभा सीटों के गत उपचुनाव में उनकी पार्टी को हासिल हुई जीत की खुमारी में प्रदर्शित अति आत्मविश्वास बताया गया।

अलबत्ता, कुछ लोगों ने यह कहकर उनके अधैर्य की चुटकी भी ली कि इस ट्वीट से पहले उन्हें कम-से-कम इतना तो सोच लेना चाहिए था कि कभी-कभी ईवीएम से जिन्न भी निकलने लग जाते हैं, लेकिन नतीजे आने के बाद लखनऊ में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर सन्नाटा पसर गया और बकौल समाजवादी पार्टी, मौर्य अपना ट्वीट डिलीट कर भाग खड़े हुए। हालांकि मौर्य चाहें तो यह सोचकर खुश भी हो सकते हैं कि मतदाताओं ने उन्हें गलत सिद्ध होने से बचा लिया है-न सिर्फ प्रदेश के उपचुनावों के, बल्कि गुजरात और हिमाचल विधानसभा चुनावों के मतदाताओं ने भी। क्योंकि भविष्य के लिए निर्णायक संदेश देने में उन्होंने भी कोई कोताही नहीं ही की है। अब प्रेक्षक और विश्लेषक उनके संदेश की व्याख्या में मुब्तिला हैं, और देख कर हैरत होती है कि उनमें कई यह जताने में ढेर सारा पसीना बहा रहे हैं कि ये संदेश जितने निर्णायक दिख रहे हैं, वास्तव में उतने हैं नहीं। लेकिन इन प्रेक्षकों से भी मतदाताओं के इस संदेश की अनसुनी संभव नहीं हो पा रही कि देश भर में लोकतंत्र के सम्मुख उपस्थित गलाघोंटू अंदेशों के बावजूद वे बदलाव की अपनी शक्ति को लेकर निराश होने को तैयार नहीं हैं।

मतदाताओं ने जता दिया है कि वे अपनी पर आ जाएं तो हर तरह का गठजोड़ या समीकरण भी सत्ताधीशों के किसी काम का नहीं। उन पार्टियों के भी काम का नहीं, जो दावा करती हैं कि उनकी सरकारों के खिलाफ तो एंटी इनकम्बैंसी होती ही नहीं है। इस एंटी इन्कम्बैंसी ने एमसीडी के चुनाव में तो अपना रंग दिखाया ही, जिस पर पंद्रह साल से भाजपा का कब्जा था, उस हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी दिखाया है, जहां कांग्रेस ने अरसे बाद, हर पांच साल में सरकार बदलने के रिवाज के तहत ही सही, भाजपा को सीधे मुकाबले में करारी शिकस्त दी है। इस तरह कि बड़बोले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में भाजपा का खाता तक नहीं खुल पाया है। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह प्रदेश है। इस रूप में उसे गंवाने का उसका दुख उतना ही बड़ा होना चाहिए जितना प्रधानमंत्री का गृह राज्य जीत लेने का हर्ष। अगर वह कहें कि हिमाचल तो वह हर चुनाव में सत्तापलट के रिवाज के कारण हारी तो गुजरात में भी उसने सरकारें दोहराने के रिवाज के कारण ही इतिहास बनाया है।

जहां तक गुजरात में भाजपा की अभूतपूर्व जीत की बात है, किसे नहीं मालूम कि वह जानें किस रणनीति के तहत कांग्रेस द्वारा उसे दिए गए अनौपचारिक वकओवर और आम आदमी पार्टी द्वारा राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए भाजपा विरोधी मतों में अविवेकपूर्ण विभाजन कराने का फल है।

एमसीडी में भाजपा को हराकर खुश हो रही आम आदमी पार्टी जब भी सच्चा आत्मावलोकन करेगी, बहुत ग्लानिग्रस्त होगी कि उसने गुजरात के लोगों की रात पांच साल और लंबी करने में श्महवपूर्ण भूमिका निभाई। भला हो हिमाचल के मतदाताओं का जिन्होंने उसे महज एक प्रतिशत वोट दिया और सारी सीटों पर उसकी जमानत जब्त करा दी वरना उनकी रात भी और लंबी होनी तय थीं। एमसीडी में मतदाताओं ने भी विधानसभा चुनाव के मुकाबले उसके वोट बारह प्रतिशत घटाए ही हैं। हां, जैसे भी बने, लोकतांत्रिक मूल्यों को हराने की कवायदों के कीचड़ में प्रधानमंत्री तक को लथपथ कर चुनाव जीत लेना ही गर्व की कसौटी हो और इसके लिए गैंगरेप करने वालों को संस्कारी बताने तक की मान्यता हो तो श्गुजरातवासियों के दिलों पर अपने राज के लिए भाजपा न सिर्फ अपनी पीठ भरपूर ठोंक सकती है, बल्कि जश्न भी मना सकती है, लेकिन क्या वह याद करना चाहेगी कि जब इसी तरह वामपंथी दल प. बंगाल में अजेय हुआ करते थे, वह उनकी जीत को किस रूप में देखती थी?

फिर भी भाजपा नेताओं के इस कथन में कोई मीन-मेख नहीं निकाला जा सकता कि गुजरात में भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मे से ही जीती है, लेकिन यह साफ होना अभी बाकी है कि भाजपा नेता एमसीडी और हिमाचल प्रदेश में भाजपा की हार के पीटे भी उनके करिश्मे की भूमिका मानते हैं, या नहीं? इस प्रदेश के मतदाताओं से तो प्रधानमंत्री यह तक कह आए थे कि वे उनके नाम पर केवल भाजपा का चुनाव चिह्न देखकर वोट दें, इस पर कतई ध्यान न दें कि प्रत्याशी कौन है। फिर? विडम्बना यह कि उत्तर प्रदेश के उपचुनाव नतीजों ने इस बाबत मुंह खोलने के भाजपा नेताओं के संकट को और गहरा कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रचार करने गुजरात गए थे तो उन्हें श्शो स्टापर कहा जा रहा था। उनकी रैलियों में भाजपा के झंडे लगे बुलडोजर प्रदर्शित किए जा रहे थे। भाजपाई वहां भाजपा की जीत में इन बुलडोजरों का तनिक भी योगदान मानेंगे तो उन्हें इस




सवाल से गुजरना होगा कि ये बुलडोजर उप्र में रामपुर में आजम खां के अरमानों को रौंदने के अलावा कुछ क्यों नहीं कर पाए?

मैनपुरी में तो मान लेते हैं कि मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण सपा के प्रति सहानुभति की लहर उमड़ी हुई थी, लेकिन भाजपा ने जिन रघुराज सिंह शाक्य को प्रत्याशी बनाकर इमोशनल अत्याचार के रास्ते वहां उन पर सपा से न सिर्फ मुलायम की विरासत, बल्कि मायावती के दलित वोटबैंक की तर्ज पर पिछड़ों का वोटबैंक छीन लेने का तकिया रखा, वे खुद अपने बूथ पर 187 वोटों से क्यों हार गए?

क्यों भाजपा के राज्य सभा सदस्य हरनाथ सिंह यादव के गांव में भाजपा को तीन ही वोट मिले? योगी के बुलडोजर टिकट को लेकर प्रतिद्वंद्वी रालोद में श्बगावत के बावजूद भाजपा की खतौली विधानसभा सीट भी क्यों नहीं बचा सके? गौरतलब है कि बिहार में इसी तर्ज पर एक विधानसभा सीट गंवाने के श्अपराध में भाजपा वहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का इस्तीफा मांग रही है। हां, इन सबसे बड़ा सवाल यह है कि ऐसे में कौन विश्वास करेगा कि यह वही भाजपा है, जो कभी मूल्याधारित राजनीति की बात किया करती थी?

# अजीब ही नजारा हैं

'इस बदलती दुनिया का' !!
'वो भी सब कुछ बटोरते हैं',
'जो खाली हाथ जाने का उपदेश देते हैं !'--------

**जगदीश सिंह सम्पादक**

जीवन के उपवन में रमता मन कब दर्द कब खुशियों के बाग में आसन लगा दे पता ही नहीं चलता?पल पल सांसें ऊपरवाले के एहसान से गतिमान है !फिर भी मुगालते में पलते इन्सान को देखकर मुस्कराते भगवान! पल का भरोसा नहीं कल के लिए हर कोई परेशान हैं। आया है सो जायेगा यही बिधि का विधान है सबकुछ जानते हुए भी मगरुरीयत में नियत खराब कर दिन रात आकांक्षाओं की उड़ता ऊंची उडान है।यह मालूम तो सबको है जीवन के आखरी सफर की मंजिल श्मशान है !कायनाती ब्यवस्था का यह सच जो कभी नहीं बदल सकता अमिट विधान है !जिघ्न्द्गी के साथ ही मौत का दिन भी तय हो जाता है हर रोज उम्र का दायरा घटता है जिघ्न्द्गी की हम जोली बनकर मौत कदम कदम पर साथ साथ रहकर दोस्ती निभाती है ! जिस दिन जिघ्न्द्गी तक जाती मौत वफादारी के साथ अपना फर्ज पूरा कर जाती है।दोस्ती का इससे मजबूत उदाहरण दुनियां में शायद नहीं मिलेगा !साथ साथ आते साथ साथ बिदा हो गए! प्रति का अजीब नियम है धूप के साथ छांव दिन के बाद रात मौत के बाद जिघ्न्द्गी दुख के साथ सुख को सहपाठी बनाकर ही मालिक ने इस दुनियां को बनाया !अवतरण दिवस के बाद से ही अवसान दिवस वीवस होकर मंजिल के तरफ बढने लगता है न चाहते हुए भी पुर्णिमा के चांद के बाद अंधेरा बढने लगता है !उम्र का पड़ाव सद्भाव सम्भाव लगाव के बीच कर्म के राह पर चलकर ही स्थापित होता है ! कायनाती इन्त जमात में ही कभी अवसाद तो कभी उन्माद में फंसकर आदमी अपनी आदमियों को भूल जाता है।इन्सानियत की हत्या करता है ! सभ्य समाज में समस्या पैदा करता है? खुद अपने अनमोल जीवन के बर्बादी का सौदा करता है !जरा गौर करें जीवन का बीस वर्ष उत्कर्ष में गुजर जाता है ! चालीस वर्ष संघर्ष में गुर जाता है ! जो बचता है वह इन वर्षो में किए गए कर्मों के हिसाब किताब के विचार विमर्श में असहाय लाचार होकर गुजरने लगता है।जो बोया था उसकी फसल लहलहाने लगती है।फिर अवसान का आखरी पहर श्मशान के तरफ जाने का इशारा शुरु कर देता है।महज चन्द दिन की जिघ्न्द्गी में स्वार्थ के वशीभूत आदमी अपनी आखरी मंजिल की गति को भूलकर घृणा का पात्र बन जाता है।धन दौलत महल अटारी सुख सन्तान खुद का अभिमान कुछ भी तो साथ नहीं जाता! यही खेल कर दिया विधाता!मगर स्वार्थी स्वभाव के लगाव मे इन्सानियत के अभाव को देखकर मुस्कराता है श्मशान !कितना मूर्ख है इन्सान !साथ कुछ नहीं जाने वाला है फिर भी दिन रात भौतिक सुख सुविधा झूठे आडम्बर में फंसकर अपनी औकात को अपने लोगों के बीच आत्मसात कर देता है भूल जाता इसके बाद भी कहीं जीवन के लेखा जोखा का होगा हिसाब! वहां न तेरी चालाकी चलेगी न चलेगा रुआब! पल पल गुजरता हर लम्हा तन्हा होने का एहसास तो कराता है मगर माया के महा जाल में उलझा मानव मन वक्त का बन्धक बना सार्थकता से अनभिज्ञ निरन्तर निर्थकता के चंगुल में फंसता जाता है।बदलता परिवेश आजकल बिशेष आस्था के प्रभाव में आकर सामाजिक व्यवस्था का विश्लेषण कर रहा है।अर्थ तन्त्र का जमाना है ! हर कोई इसी का दीवाना है !भगवत भजन करने वाले भी सोने चांदी हीरा माणिक के मोह में बंधकर अकूत सम्पदा के मालिक बन रहें हैं। सत्संगी कथा को भी स्वार्थ की ब्यथा से पिडीत होकर धनलक्ष्मी को बन्धक बना रहे हैं ?गजब साहब कलयुगी कथा वाचक से लेकर धर्म गुरु तक लक्ष्मी का पूजारी बनकर दिन रात महल अटारी के सुखभोग में लग गये! उनके सामने इन्सानियत बौना है ! मानवता का कर्म घिनौना है ! रुपये की चादर रूपया ही बिछौना है।देश की वित होती ब्यवस्था में धर्म के नाम पर अधर्म करने वालों की अधोगति भी समाज देख रहा है ?सर्व व्यापी घट घट व्यापी आदिशक्ति की भक्ति के नाम पर आशक्ति का खेल करने वाले जेल काट रहे हैं ! साथ कुछ नहीं जायेगा का उपदेश देने वाले धन लक्ष्मी को बन्धक बनाकर मलाई चाट रहे हैं ! समाज में धर्म मजहब की आड़ में तफरका का पैदा करने वाले धर्म गुरु इन्सानियत की आबरु तार तार कर रहे हैं। आज तक कोई नहीं बता पाया कायनात के मालिक का कौन सा धर्म मजहब है ! वही भगवान वहीं रब है !धन सम्पदा वैभव का उपभोग उपयोग करने वाले भी वही जाते हैं जहां भूख से तड़प तड़प कर मरने वाले जाते हैं !कायनात में सारी

**सत्संगी कथा को भी स्वार्थ की ब्यथा से पिडीत होकर धनलक्ष्मी को बन्धक बना रहे हैं ?गजब साहब कलयुगी कथा वाचक से लेकर धर्म गुरु तक लक्ष्मी का पूजारी बनकर दिन रात महल अटारी के सुखभोग में लग गये! उनके सामने इन्सानियत बौना है! मानवता का कर्म घिनौना है! रुपये की चादर रूपया ही बिछौना है।देश की वित होती ब्यवस्था में धर्म के नाम पर अधर्म करने वालों की अधोगति भी समाज देख रहा है ?सर्व व्यापी घट घट व्यापी आदिशक्ति की भक्ति के नाम पर आशक्ति का खेल करने वाले जेल काट रहे हैं!**

ब्यवस्था समदर्शी है !श्मशान कब्रिस्तान का नियम बिल्कुल पारदर्शी है ! न कोई बड़ा हैन छोटा है ! सबका समान हिसाब किताब यही पर बराबर होता है !चन्द लम्हों में राख बन कर मिट्टी में मिल जाने वाले मौत के दिन तक अहम को लिए सब अपने है का बहम पाले रखते हैं ! लेकिन जब रामनाम सत्य का उद्घोष शुरु होता है उस समय न कोई अपना होता है न पराया! महज मुस्कराता स्वागत में पलक पांवड़े बिछाए स्वागत में खड़ी मिलती है मौत! पश्चाताप करती है वो जीव आत्मा जो छोड़ चुकी होती है काया! सोचती है आखिर इस नश्वर शरीर में रहकर हमने क्या पाया!माया विहीन महा महाकाल के आश्रम में चिता पर जलती सुन्दर शरीर का हश्र देखकर भयाक्रांत भवसागर में उठती बेदना शून्य लहरों में तड़पते सिसकते आत्माओं के भीड़ मे विलीन होने के पहले एक बार हसरत भरी नजर से अपनो के स्वार्थी मिजाज को देखकर पश्चाताप करती फिर कभी नही इस नश्वर संसार में वापसी की कसम खाते शून्य में सिसकते विलीन हो जाती है।प्रति का यह रश्मों रिवाज जब तक दुनियां है

## उमराह करने के बाद मां वैष्णो देवी के दरबार पहुंचे शाहरुख खान, दोस्तों के साथ किए दर्शन

**जम्मू ,एजेंसी।** किंग खान यानी शाहरुख खान का हाल ही में एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा था, जिसमें वो सऊदी अरब के मक्का में उमराह करते दिखाई दे रहे थे। अब खबर आ रही है कि वो मां वैष्णो देवी के दरबार पहुंचे हैं। शाहरुख खान बीती देर रात मां वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। अपने दोस्तों के साथ शाहरुख खान ने माता वैष्णो देवी के दर्शन किए। लोग उनको पहचान न पाएं इसके लिए शाहरुख खान ने काला चश्मा लगाया था और मास्क लगाकर मंदिर में पहुंचे थे। मगर शाहरुख खान जैसे फिल्मी सितारे को लोग दूर से ही पहचान लेते हैं। ऐसे ही कुछ लोगों ने माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए चुपके से पहुंचे शाहरुख खान को पहचान लिया।

## मदरसे में 8 साल की बच्ची से इमाम ने किया रेप, गिरफ्तार

**रांची ,एजेंसी।** झारखंड के सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र से शर्मसार करने वाली खबर आई है। यहां के एक मदरसा के इमाम अमीनुल्लाह उर्फ अमीन पर आठ साल की बच्ची से रेप करने का आरोप लगा है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि आरोपी कोलेबिरा से भागकर लोहरद्गा के कुडू पहुंच गया था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर उसे पकड़ा। बताया गया कि आरोपी इमाम मदरसा में छोटे-छोटे बच्चों को अलग से पढ़ाने के लिए बुलाता था। रविवार को भी उसने बच्चों को बुलाया था। पढ़ाई खत्म करने के बाद मौलाना ने एक बच्ची को रोक लिया और बाकी बच्चों को भेज दिया। इसके बाद एक अलग कमरे में लेकर बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बच्ची ने घर पहुंचकर मौलाना की हरकत के बारे में बताया।

## इराक में हमले में 3 आईएस आतंकी व 1 सैनिक की मौत

**बगदाद ,एजेंसी।** इराक के उत्तरी प्रांत किरकुक में एक हवाई हमले और एक अन्य हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन आतंकवादी और एक इराकी सैनिक की मौत हो गई। किरकुक अपरेशंस कमांड के कमांडर जब्बार अल-ताई ने एक बयान में कहा कि इराकी विमानों ने बगदाद से लगभग 250 किमी उत्तर में इसी नाम की प्रांतीय राजधानी किरकुक के उत्तर में अल्टुन कुपरी इलाके में आईएस के एक ठिकाने पर बमबारी की। इसमें तीन आईएस आतंकवादी मारे गए।किरकुक पुलिस के मेजर एहसान अल-बैयाती ने शिन्हुआ को बताया कि एक अन्य घटना में एक सैनिक की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया, जब आईएस आतंकवादियों ने किरकुक शहर के पूर्व में कोलन क्षेत्र में एक सैन्य अड्डे पर हमला किया।इससे पहले दिन में इराक की राजधानी बगदाद के उत्तर में सलाहुद्दीन प्रांत के अल-ईथ इलाके में आईएस आतंकवादियों ने उनकी कार पर हमला कर दो नागरिकों को घायल कर दिया था।

# मोदी की हत्या करने को तत्पर रहो वाले कांग्रेस नेता राजा पटेरिया के बयान पर बवाल, एफआइआर दर्ज



**भोपाल, एजेंसी।** कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे कार्यकर्ताओं से यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि अगर संविधान बचाना है तो मोदी की हत्या करने को तत्पर रहो। इस वीडियो को भाजपा नेता राजपाल सिंह सिसौदिया ने सोमवार सुबह ट्विटर पर पोस्ट किया। पीएम मोदी पर इस तरह के बयान पर भाजपा की ओर से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस के असली भाव प्रकट हो गए। ऐसी चीजों को सहन नहीं किया जाएगा। एफआइआर दर्ज कर ली गई है, कानून अपना काम करेगा।

उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का ढोंग करने वालों की असलियत सामने आ रही है। मोदी जी जनता के दिलों में बसते हैं। संपूर्ण देश की श्रद्धा और आस्था के केंद्र हैं। कांग्रेस के लोग मैदान में उनसे मुकाबला नहीं कर पाते हैं। इसलिए कांग्रेस के एक नेता मोदी जी की हत्या की बात कर रहे हैं। ये विद्वेष की पराकाष्ठा है, घृणा की अति है। हालांकि बयान वायरल होने के बाद राजा पटेरिया ने माफी मांगी है और कहा कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर प्रस्तुत किया गया। उधर, कांग्रेस ने भी बयान से किनारा कर लिया। मालूम हो कि राजा पटेरिया पन्ना जिले के प्रभारी मंत्री भी रहे हैं।

भाजपा नेता राजपाल सिंह सिसौदिया ने ट्वीट कर कहा, यह कांग्रेस का असली चेहरा है। पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता राजा पटेरिया मोदी जी की हत्या का बयान देकर समाज को विभाजित कर भड़काऊभाषण दे रहे हैं। मालूम हो कि राजा पटेरिया ने यह बयान पन्ना जिले के पवई तहसील में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की बैठक में दिया।

कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया द्वारा मोदी की हत्या करने संबंधी बयान को लेकर भाजपा ने पटेरिया के विरुद्ध गैर कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) सहित विभिन्न अपराधिक धाराओं के तहत प्रकरण कायम करने की मांग की है। नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार दोपहर एक बजे पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना से मिलने के लिए पुलिस मुख्यालय पहुंचा था। इसमें भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश ताम्रकार, भोपाल की महापौर मालती राय, विधायक ष्णा गौर, राहुल कोठारी, नगर पालिका निगम परिषद के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी शामिल थे।

डीजीपी को दिए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री की हत्या की अपील करना भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर चुनौती देना है।

देश में अराजकता फैलाने का षड्यंत्र और मध्य प्रदेश में उपद्रव और दंगा करवाने की साजिश है। मालूम हो कि राजा पटेरिया ने पन्ना जिले की पवई में कांग्रेस की एक बैठक में कहा था कि संविधान को बचाना है तो मोदी की हत्या करने को तत्पर रहो। इसको लेकर प्रदेश की राजनीति में उबाल आ गया है।

प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने बयान जारी कर कहा है कि राजा पटेरिया के बयान से पार्टी कोई इत्तेफाक नहीं रखती। उन्होंने कहा कि इस बयान से पार्टी को दूर रखना चाहेंगे। कांग्रेस पार्टी का जन्म अहिंसा की कोख से हुआ है।

## काबुल में चीनी होटल पर आतंकी हमला, कई अधिकारी फंसे

**काबुल ,एजेंसी।** यहां सोमवार दोपहर बम धमाका हुआ और शहर-ए-नवा इलाके के होटल को हमलावरों ने निशाना बनाया। उक्त होटल को चाइनीज होटल कहा जाता है क्योंकि यहां वरिष्ठ चीनी अधिकारी अक्सर आते-जाते रहते हैं। हमलावरों की पहचान नहीं हो पाई है। खबर लिखे जाने तक होटल परिसर से तेज गोलियों और धमाकों की आवाजें सुनाई दे रही थीं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक- होटल के अंदर कुछ फिदायीन हमलावर मौजूद हैं। ऐसे में तालिबान की सिक्योरिटी फोर्सेज को अंदर जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। होटल के अंदर से फायरिंग की आवाजें आ रही हैं। चीन के कई डिप्लोमैट्स यहां अक्सर आते हैं। यह आतंकी हमला ऐसे वक्त हुआ जब शुक्रवार को ही चीन के एम्बेसेडर ने काबुल में अपनी एम्बेसी की सिक्योरिटी को लेकर तालिबान के अफसरों से बातचीत की थी। दो हफ्ते पहले इसी इलाके में मौजूद पाकिस्तान की एम्बेसी पर फायरिंग की गई थी।

## कनाडा का अप्रवासन बैकलग घटकर हुआ 22 लाख : आईआरसीसी

**टोरंटो , एजेंसी।** कनाडा का आप्रवासन बैकलग पिछले महीने के 24 मिलियन से घटकर 22 मिलियन हो गया है। यह जानकारी कनाडा की आप्रवासन संबंधी संस्था आईआरसीसी ने दी। इसके साथ 31 अक्टूबर तक 3,31,401 की तुलना में 30 नवंबर तक नागरिकता सूची 3,14,630 आवेदकों की है। 3 नवंबर को 5,06,421 की तुलना में 2 दिसंबर तक स्थायी निवास सूची 5,12,342 लोगों की है। अस्थायी निवास सूची में सबसे बड़ी कमी देखी गई, जो 3 नवंबर को 15,37,566 व्यक्तियों की तुलना में 2 दिसंबर को 14,16,125 लोगों की थी।

2 दिसंबर तक एक्सप्रेस एंट्री प्रोग्राम के लिए 43,326 आवेदन कतार में प्रतीक्षा कर रहे थे , 3 नवंबर के डेटा से 3,500 से अधिक की वृद्धि हुई, जो 39,589 थी। सभी परिवार वर्ग के आव्रजन कार्यक्रमों की सूची 3 नवंबर की तुलना में थोड़ी कम होकर 1,27,091 हो गई है, जब यह 1,28,112 थी। स्पाउसेज एंड पार्टनर्स स्पन्सरशिप प्रोग्राम, 62,106 पर, 3 नवंबर की तुलना में न्यूनतम वृद्धि के साथ व्यवसाय की सभी पंक्तियों के बीच सबसे बड़ी सूची में से एक है। माता-पिता और दादा-दादी कार्यक्रम (पीजीपी) में नवंबर में निर्णयों की प्रतीक्षा कर रहे 55,653 व्यक्तियों की तुलना में 53,770 व्यक्तियों की सूची है।

30 सितंबर के आंकड़ों से पता चलता है कि, बैकलग में 15 मिलियन आवेदन थे, जिसका अर्थ है कि आईआरसीसी ने बैकलग से 3,50,000 से अधिक आवेदनों को मंजूरी दे दी है। यह तब आता है जब स्थायी निवास के लिए इन्वेंट्री में आवेदनों की संख्या बढ़ गई है। जनवरी और अक्टूबर 2022 के बीच, उन्होंने पिछले साल इसी अवधि में 23 मिलियन अंतिम निर्णयों की तुलना में स्थायी निवासियों, अस्थायी निवासियों और नागरिकता के लिए 43 मिलियन अंतिम निर्णय लिए।

## टीवी पत्रकार को फिर से सम्मन भेजेगी पुलिस

**पुणे (महाराष्ट्र),एजेंसी ।** महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रकांत पाटिल पर पिंपरी चिंचवड शहर में स्याही दें कने की घटना की जांच कर रही पुलिस इस मामले में फिर से एक टीवी पत्रकार को सम्मन भेजेगी। एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने घटना में कथित भूमिका के लिए तीन लोगों को गिरफ्तार किया तथा एक टेलीविजन पत्रकार को सम्मन भेजा। उसे रविवार देर रात जाने दिया गया। पिंपरी चिंचवड के पुलिस आयुक्त अंकुश शिंदे ने बताया कि पत्रकार को आगे की जांच के लिए सोमवार को सम्मन भेजा जाएगा। उल्लेखनीय है कि स्याही दें कने की घटना शनिवार को यहां पिंपरी चिंचवड में पाटिल के उस बयान के विरोध में हुई जिसमें उन्होंने कहा था कि अंबेडकर और फुले ने शैक्षणिक संस्थान चलाने के लिए सरकारी अनुदान नहीं मांगा था। प्रदेश के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री पाटिल द्वारा अपने बयान में श्भीखश शब्द का इस्तेमाल के कारण विवाद पैदा हुआ जिसके बाद स्याही दें कने की यह घटना हुयी है। इस घटना के बाद पुलिस ने सुरक्षा में चूक के लिए तीन अधिकारियों समेत 10 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। पाटिल ने रविवार को आरोप लगाया था कि सुनियोजित हमले के तहत उन पर स्याही दें की गई। पाटिल ने साथ ही यह दावा भी किया था कि समाज सुधारकों बाबासाहेब आंबेडकर और ज्योतिबा फुले पर उनके बयान को कुछ लोगों ने तोड़-मरोड़ कर पेश किया। इस बीच, पुणे पुलिस ने रविवार देर रात पुणे के कोथरुड इलाके में पाटिल के आवास के बाहर खड़े होकर उनके बयान की निंदा करते हुए अपनी वीडियो रिकर्ड करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## ऑस्ट्रेलिया में आतिशबाजी में नौ लोग हुए घायल

**सिडनी ,एजेंसी।** अस्ट्रेलिया के सिडनी में क्रिसमस कैरल्स कार्यक्रम में हुई आतिशबाजी में तीन बच्चों सहित कम से कम नौ लोग घायल हो गए है।

बीती रात लगभग साढ़े नौ बजे सिडनी के उत्तरी समुद्र तट क्षेत्र में अल्लाम्बी हाइट्स ओवल में आयोजित इस कार्यक्रम में उत्पन्न हुई इस आपात स्थिति से निपटने के लिए आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। उन्होंने बताया गया था कि आतिशबाजी के दौरान पटाखे भीड़ में चलाये गए थे।

इस घटना में एक 11 वर्षीय लड़के को जलने और सीने में चोट लगने के कारण उसे अस्पताल ले जाया गया। एक आठ साल की लड़की और एक 12 साल के लड़के को भी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में उन्हें छुट्टी दे दी गई। आतिशबाजी में मामूली रुप से आई चोटों के लिए घटनास्थल पर ही छह अन्य लोगों का इलाज किया गया।

# खुदरा महंगाई दर 11 महीने के निचले स्तर पर, नवंबर महीने में 5.88 प्रतिशत रही मुद्रास्फीति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 11 महीने के निचले स्तर 588 प्रतिशत पर आ गई, जबकि अक्टूबर में यह 677 प्रतिशत थी। सोमवार को सरकार की ओर से इससे जुड़े आंकड़े जारी किए गए।

जनवरी-सितंबर, 2022 के दौरान लगातार 3 तिमाहियों के दौरान औसत मुद्रास्फीति मुद्रास्फीति लक्ष्य के ऊपरी सहिष्णुता स्तर 6 प्रतिशत के ऊपर थी। जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान औसत मुद्रास्फीति 63 प्रतिशत थी, अप्रैल-जून की अवधि में यह 73 प्रतिशत थी और सितंबर तिमाही में यह घटकर 7 प्रतिशत हो गई थी। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में औद्योगिक उत्पादन में 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।

उससे पहले सरकार ने सोमवार को आरबीआई की उस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने से इंकार कर दिया, जिसमें यह बताया गया है कि केंद्रीय बैंक लगातार तीन तिमाहियों के लिए लक्षित 6 प्रतिशत की ऊपरी सीमा के भीतर मुद्रास्फीति क्यों नहीं रख सका। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सदन में दिए गए एक लिखित जवाब में कहा, श्हां सर, आरबीआई ने केंद्र सरकार को एक रिपोर्ट सौंपी है, जैसा कि आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 45जेडएन और आरबीआई मौद्रिक नीति समिति और मौद्रिक नीति प्रक्रिया विनियम, 2016 के नियमन 7 के तहत अनिवार्य है।श उन्होंने कहा कि आरबीआई अधिनियम, 1934 के प्रावधानों के तहत रिपोर्ट को सार्वजनिक सार्वजनिक नहीं किया जा सकता।

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि अप्रैल 2019 से नवंबर 2022 के बीच गेमिंग कंपनियों की ओर से करीब 23,000 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी की जांच कर अधिकारी कर रहे हैं। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, मंत्री ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने साइबर और क्रिप्टो संपत्ति धोखाधड़ी से संबंधित कई मामलों में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति अटैच की है। माल और सेवा कर (जीएसटी) की चोरी के बारे में, चौधरी ने कहा कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के गठन ने भारत के साथ-साथ विदेशों में स्थित कुछ गेमिंग कंपनियों (अनलाइन गेमिंग फर्मों सहित) के खिलाफ जांच शुरू की है। उन्होंने कहा, श्इन कंपनियों द्वारा अप्रैल 2019 से नवंबर 2022 की अवधि के दौरान 22,936 करोड़ रुपये की अनुमानित जीएसटी चोरी की गई है।

# अर्थव्यवस्था बढ़ रही है तो उस पर जलन नहीं, गर्व करना चाहिए: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली,एजेंसी ।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में कुछ विपक्षी सदस्यों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जब देश की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है तो उस पर जलन नहीं करना चाहिए और मजाक नहीं बनाना चाहिए, बल्कि गर्व करना चाहिए.

उन्होंने सदन में प्रश्नकाल के दौरान यह भी कहा कि श्श2014 से पहले सिर्फ रुपया आईसीयू में नहीं था, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था ही आईसीयू में थी.कांग्रेस सांसद ए.रेवंत रेड्डी ने पूरक प्रश्न पूछते हुए डलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पुराने बयान का हवाला देते हुए सवाल किया कि आज रुपया 83 के पार चला गया है तो सरकार इसे श्आईसीयू से बाहर निकालने के लिए क्या कर रही है.

इस पर जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री जी जब (गुजरात के) मुख्यमंत्री थे तो उस वक्त के उनके बयान पर सवाल पूछ रहे हैं. अगर सदस्य उस जमाने की (2014 से पहले की) अर्थव्यवस्था के दूसरे संकेतकों को याद दिलाते तो ठीक रहता. उस समय पूरी अर्थव्यवस्था ही आईसीयू में थी. सिर्फ रुपया आईसीयू में नहीं था. उनका कहना था कि उस वक्त भारत की अर्थव्यवस्था को पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में रखा गया था.उस समय विदेशी मुद्रा भंडार नीचे की तरफ था.

वित्त मंत्री ने कहा कि आज कोविड और रूस-यूक्रेन युद्ध के बावजूद हमारी अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है. उन्होंने कहा कि अगर हमारी अर्थव्यवस्था अच्छी तरह चल रही है, आगे बढ़ रही है तो लोग जलन कर रहे हैं.इस पर तो गर्व करना चाहिए. अर्थव्यवस्था अच्छी तरह चल रही है तो उसका मजाक नहीं बनाना चाहिए. (ऐसा करने पर) शर्म आनी चाहिए.

वित्त मंत्री ने श्प्याज नहीं खाने से संबंधित अपनी एक पुरानी टिप्पणी और श्डलर के मजबूत होने से संबंधित बयान पर सोशल मीडिया में मीम्स बनने का भी उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का रुपया हर मुद्रा के खिलाफ मजबूत है. अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतियों के कारण डलर मजबूत होता जा रहा है उन्होंने कहा कि रुपये के कमजोर होने पर विदेशी मुद्रा भंडार का कुछ इस्तेमाल किया गया है. अब कोई इस्तेमाल नहीं हो रहा है.अब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ रहा है. एफडीआई और एफआईआई आने से बढ़ रहा है. सीतारमण ने कहा कि सदस्य को आंकड़े देखने चाहिए कि कई उभरती अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले भारत कितना ज्यादा एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) ला रहा है.

## शिवसेना सांसद ने राज्यसभा में उठाया एम्स साइबर हमले का मुद्दा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने एम्स साइबर हमले का मुद्दा उठाया, जिसने प्रमुख चिकित्सा संस्थान की सेवाओं को प्रभावित कर दिया था। चतुर्वेदी ने कहा कि यह देश के लिए एक गंभीर खतरा है क्योंकि भविष्य के युद्ध साइबर दुनिया में लड़े जाएंगे।अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मुख्य भवन में रैनसमवेयर हमले के दो सप्ताह बाद छह दिसंबर को सर्वर सुविधाएं फिर से शुरू हो गईं। एम्स का सर्वर डाउन होने के बाद अस्पताल ने मैनुअल भर्ती के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए थे। नए स्टैंडर्ड अपरेटिंग प्रोसिड्यूर्स (एसओपी) में कहा गया है कि ई-अस्पताल के बंद होने तक अस्पताल में मरीजों का प्रवेश, डिस्चार्ज या स्थानांतरण मैन्युअल रूप से किया जाएगा।

## पंजाब पुलिस एसआईटी के सामने पेश हुए सुखबीर बादल

**चंडीगढ़,एजेंसी ।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल 2015 के कोट कपूरा पुलिस गोलीबारी मामले की जांच कर रहे पंजाब पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने सोमवार को पेश हुए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बादल पूर्वाह्न करीब 11 बजकर 40 मिनट पर यहां पंजाब पुलिस अधिकारी संस्थान पहुंचे। अतिरिक्तपुलिस महानिदेशक एलके. यादव की अगुवाई वाले एसआईटी ने बादल से जांच दल के सामने सोमवार को पेश होने को कहा था। फरीदकोट में जब 2015 में धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी और इसका विरोध कर रहे लोगों पर पुलिस की गोलीबारी की घटनाएं हुईं थीं, उस समय बादल पंजाब के उपमुख्यमंत्री थे और गृह मंत्रालय का प्रभार भी वही संभाल रहे थे। ये घटनाएं फरीदकोट के बरगाड़ी में गुरु ग्रंथ साहिब की एक श्बीड (प्रति) की चोरी, बेअदबी करने वाले हस्तलिखित पोस्टर लगाने और पवित्र पुस्तक के पन्ने बिखरे मिलने से जुड़ी हैं। पुलिस की गोलीबारी में बहबलकलां में दो लोगों की मौत हो गई थी और कोटकपूरा में कई लोग घायल हुए थे। बादल से इसी एसआईटी ने 14 सितंबर को पूछताछ की थी। एसआईटी ने उनसे पिछले साल 26 जून को भी पूछताछ की थी। वर्ष 2015 के बहबल कलां पुलिस गोलीबारी मामले में छह सितंबर को पुलिस महानिरीक्षक नौनिहाल सिंह के नेतृत्व में एक अन्य एसआईटी ने भी शिअद प्रमुख से पूछताछ की थी।

# फर्जी पहचान पत्र के साथ पकड़ा गया बांग्लादेशी परिवार

**कानपुर ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले की पुलिस ने कथित तौर पर फर्जी पहचान पत्र रखने के आरोप में एक किशोर सहित एक बांग्लादेशी परिवार के पांच सदस्यों को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार परिवार के सदस्यों में एक कपल, उनके बच्चे और महिला के पिता शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि, उन्हें फर्जी भारतीय पासपोर्ट, बांग्लादेशी पासपोर्ट, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज रखने और अवैध रूप से कानपुर में रहने के लिए हिरासत में लिया गया था। उन्हें मेस्टन रोड से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के मुताबिक, जेल में बंद समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी और स्थानीय पार्षद मन्नी रहमान ने मूल रूप से बांग्लादेश के खुलना निवासी रिजवान और उसके परिवार के सदस्यों को प्रमाण पत्र जारी किया था।संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून व्यवस्था) आनंद प्रकाश तिवारी ने कहा कि, सोलंकी और रहमान के हस्ताक्षर का मिलान परिवार को जारी प्रमाणपत्रों से किया जाएगा ताकि यह देखा जा सके कि वे धोखाधड़ी के दोषी हैं या नहीं।पुलिस ने 13 फर्जी पासपोर्ट, पांच आधार कार्ड, शिक्षा प्रमाण पत्र, विदेशी मुद्रा, सोने के गहने और 14 लाख रुपये से अधिक की राशि भी जब्त की है।गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए लोगों की पहचान 53 वर्षीय रिजवान मोहम्मद, उनके पिता खालिद माजिद, 79, उनकी पत्नी हिना खालिद और उनके दो बच्चों के रूप में हुई है।

## राहुल की यात्रा सवाईमाधोपुर जिले में किया प्रवेश

**सवाईमाधोपुर ,एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में आज सुबह करीब छह बजे बूंदी जिले में तेजाजी मंदिर से शुरू हुई और सवाईमाधोपुर जिले में प्रवेश कर लिया हैं ।

यात्रा में आज का दिन विशेषरुप से महिलाओं के लिए रखा गया और यात्रा में महिलाएं श्री राहुल गांधी के साथ चल रही हैं । यात्रा में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और उनकी बेटी मिराया भी यात्रा में उनके साथ चल रही हैं।

# शिक्षक घोटाला : पार्थ चटर्जी की न्यायिक हिरासत 22 दिसंबर तक बढ़ाई गई

**कोलकाता ,एजेंसी(आरएनएस)।** सीबीआई की एक विशेष अदालत ने सोमवार को राज्य में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले में कथित संलिप्तता के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी की न्यायिक हिरासत 22 दिसंबर तक बढ़ा दी। पश्चिम बंगाल बोर्ड अफ सेकेंडरी एजुकेशन (डब्ल्यूबीबीएसई) के पूर्व अध्यक्ष कल्याणमय गंगोपाध्याय और वेस्ट बंगाल स्कूल सर्विस कमीशन (डब्ल्यूबीएसएससी) के पूर्व अध्यक्ष सुबिरेश भट्टाचार्य समेत पांच अन्य लोगों के लिए भी न्यायिक हिरासत का समान विस्तार किया गया।सोमवार को, चटर्जी के वकील ने जमानत याचिका दायर की, केंद्रीय जांच ब्यूरो के वकील ने इसका जोरदार विरोध किया और दावा किया कि पूर्व मंत्री ही पूरे शिक्षक भर्ती अनियमितताओं में बड़ी साजिश के मास्टरमाइंड थे। सीबीआई के वकील ने आगे तर्क दिया कि उन्होंने डब्ल्यूबीएसएससी की एक स्क्रीनिंग कमेटी को अवैध रूप से नियुक्त करके पूरी साजिश रची थी, जिसके माध्यम से प्रक्रिया में पूरी तरह से हेराफेरी की गई थी।

चटर्जी के वकील ने बड़ी साजिश की परिभाषा पर सवाल उठाया। वहीं न्यायाधीश ने एक बार चटर्जी को बोलने की अनुमति दी, उन्होंने कहा- यदि वह चाहें तो बोल सकते हैं। भावुक चटर्जी ने तब कहा कि वह एक प्रभावशाली व्यक्ति होने के आरोपों से थक चुके हैं। हर कोई यहां सामाजिक न्याय की बात कर रहा है। लेकिन मेरा चरित्र हनन हर दिन हो रहा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो भविष्य में कोई भी मंत्री या जनप्रतिनिधि बनने को तैयार नहीं होगा। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय के प्रतिनिधि मंत्रियों की जगह क्यों नहीं लेते? मैं भी अपने लिए न्याय चाहता हूं।चटर्जी के वकील सलीम रहमान ने कहा कि अगर डब्ल्यूबीएसएससी की स्क्रीनिंग कमेटी ने किसी तरह की अनियमितता की है तो इसमें उनके मुवक्किल की कोई भूमिका नहीं है। एक आरोप पत्र दायर किया गया है, क्या अतिरिक्त जांच की आवश्यकता है?

# एफआईएच नेशंस कप: भारतीय महिला हॉकी टीम ने चिली को 3—1 से हराया



वालेंसिया (स्पेन), प्रो लीग में वापसी की उम्मीद में भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार दोपहर चिली के खिलाफ 3–1 से शानदार जीत दर्ज करके एफआईएच महिला नेशंस कप 2022 जीतने के अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। भारत के लिए संगीता कुमारी (3), सोनिका (11) और नवनीत कौर (32) ने गोल किए जबकि चिली के लिए एकमात्र गोल फर्नाडा विलग्रान (44) ने किया। भारत खिताब जीतने की उम्मीद कर रहा है, क्योंकि विजेता को एफआईएच प्रो लीग के अगले सत्र में पदोन्नत किया जाएगा।

शीर्ष गोलकीपर सविता की अगुआई वाली भारतीय महिला हॉकी टीम ने पहले क्वार्टर में शानदार शुरुआत की, जिससे अपने विरोधियों पर उनका इरादा बिल्कुल स्पष्ट हो गया। फॉर्म में चल रही संगीता कुमारी ने खेल के तीसरे मिनट में गोल किया। अनुभवी फारवर्ड वंदना कटारिया ने दाहिने फ्लैंक में शानदार टैकल से गोल सेट किया और गेंद को संगीता की ओर धकेला, जिन्होंने गोल करने में कोई गलती नहीं की।

उनके गोल ने भारत को चिली पर बढ़त दिला दी, मैच के बाद के मिनटों में वह इस गति को बढ़ाते चले गए। उन्होंने अपने आक्रमण में अच्छी गति से खेला। भारत ने 11वें मिनट में अपनी बढ़त को 2–0 से आगे बढ़ाया, जब संगीता ने सोनिका को गोल में तब्दील करने में मदद की। बाएं किनारे पर तैनात सोनिका ने सटीक डिफ्लेक्शन पाया, जिससे भारत को मजबूत बढ़त मिली। हॉकी इंडिया की वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक, रविवार के मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए सोनिका को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

दूसरे क्वार्टर में गोलरहित रहने के बाद भारत ने तीसरे क्वार्टर की आक्रमक शुरुआत की। इस बार, नेहा गोयल ने स्कोरिंग का मौका बनाया, जब उन्होंने एक एरियल पास लिया और नवनीत को भारत का तीसरा गोल करने में मदद की। 32वें मिनट में किए गए इस गोल ने मैच के दूसरे हाफ में भारत को अच्छी जगह पर पहुंचा दिया। इस बीच भारत की रक्षापंक्ति ने बिना कोई गोल गंवाए अपना बोलबाला कायम रखा। हालांकि चिली ने 44वें मिनट में फर्नाडा विलग्रान के जरिए पेनल्टी कार्नर पर एक गोल करने में कामयाबी हासिल की।

संगीता और नवनीत के कुछ कुशल खेल के साथ डी में स्कोरिंग के कुछ अच्छे मौके बनाए। लेकिन चिली की गोलकीपर नतालिया सल्वाडोर कई मौके पर भारतीय टीम को गोल करने से रोकने में सफल रही, इस तरह मैच को 3–1 के स्कोर के साथ समाप्त किया।

# लगातार दूसरा खिताब जीतने से दो कदम दूर फ्रांस



अल खोर ,गत विश्व चैंपियन फ्रांस ने फीफा विश्व कप 2022 के क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड को 2–1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

अल बैत स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में औरेलियन टचोमेनी (17वां मिनट) और ओलिवर गिरोड (78वां मिनट) ने फ्रांस के गोल किये। पराजित टीम का एकमात्र गोल हैरी केन (54वां मिनट) ने जमाया।

फ्रांस को शुरुआती बढ़त मिलने के बाद इंग्लैंड ने मौका तलाशना शुरू कर दिया, हालांकि अपनी पहली सफलता के लिये उन्हें दूसरे हाफ तक का इंतजार करना पड़ा। मैच के 54वें मिनट में टचोमेनी ने बुकायो साका को फाउल किया और कप्तान केन ने पेनल्टी को गोल में तब्दील कर स्कोर 1–1 से बराबर कर दिया।

इंग्लैंड की खुशी हालांकि ज्यादा देर तक नहीं रही और गिरोड ने बाईं ओर से आये एंटोनी ग्रीज़मैन के क्रॉस पर गोल करके फ्रांस को दोबारा बढ़त की स्थिति में पहुंचाया। आधिकारिक समय खत्म होने से सात मिनट पहले इंग्लैंड को एक और पेनल्टी मिली। पहली पेनल्टी पर गोल करने वाले केन ने एक बार फिर प्रयास किया लेकिन उनका निशाना गोलपोस्ट के ऊपर से निकल गया।

गिरोड के निर्णायक गोल की बदौलत फ्रांस सेमीफाइनल में पहुंच गया और अब वह लगातार दूसरी बार विश्व कप जीतने से दो कदम दूर है। इससे पहले ब्राज़ील (1958, 1962) लगातार दो विश्व कप जीतने का कीर्तिमान रच चुका है।सेमीफाइनल में फ्रांस का सामना मोरक्को से होगा जो क्वार्टरफाइनल में पुर्तगाल को हराकर आ रहा है।

# बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले टीम इंडिया को झटका



नई दिल्ली ,इंडियन क्रिकेट टीम को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले बड़ा झटका लगा है। दरअसल, चोटिल कप्तान रोहित शर्मा पहले टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं, बीसीसीआई ने केएल राहुल को पहले मैच के लिए कप्तान नियुक्त किया है ,इसके साथ ही चेतेश्वर पुजारा को टीम का उप–कप्तान बनाया गया है। भारत को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है, पहला मैच 14 दिसंबर से शुरू हो रहा है। मैच के दौरान उन्हें रोहित को चोट लग गई थी। जिस वजह से ये फैसला लिया गया।बीसीसीआई द्वारा आज इस बारे में जानकारी दी है कि भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने अपने बाएं अंगूठे की चोट के लिए मुंबई में एक विशेषज्ञ से मुलाकात की, जो उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान लगी थी। उन्हें इस चोट के चलते सही मैनेजमेंट की सलाह दी गई है और वह बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए उनकी उपलब्धता पर बीसीसीआई की मेडिकल टीम बाद में फैसला करेगी. चयन समिति ने पहले टेस्ट के लिए अभिमन्यु ईश्वरन को उनके स्थान पर टीम में शामिल किया है। बता दें कि रोहित शर्मा के अलावा इस सीरीज़ से मोहम्मद शमी और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा भी बाहर हो गए हैं। गेंदबाज मोहम्मद शमी और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा अभी तक क्रमशः कंधे और घुटने की चोट से पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं और टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं।

### इंग्लैंड के कोच गैरेथ भविष्य को लेकर प्रतिबद्ध नहीं

अल खोर ,12 दिसंबर। इंग्लैंड के कोच गैरेथ साउथगेट फीफा विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में फ्रांस के हाथों 2–1 से मिली करीबी हार के बाद अपने भविष्य को लेकर बहुत निश्चित नहीं हैं।

इंग्लैंड के पास मैच में फ्रांस की तुलना में अधिक मौके थे। कप्तान हैरी केन ने पेनल्टी शॉट से एक बार बराबरी की तथा समय पूरा होने से सात मिनट पहले उन्होंने दूसरी बार पेनल्टी लगाई।

साउथगेट ने कहा, हर टूर्नामेंट के बाद हमने समीक्षा की। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए थोड़ा समय चाहिए कि हर कोई सही निर्णय ले। साउथगेट ने हार पर अपनी हताशा को स्वीकार किया।

उन्होंने कहा हम यहां टूर्नामेंट जीतने की कोशिश करने के लिए आए थे। हमें विश्वास था कि हम कर सकते हैं, और हमने मौजूदा चैंपियन के खिलाफ आज रात अपने प्रदर्शन में दिखाया कि हमारे पास एक टीम है जो ऐसा कर सकती थी।

कोच ने कहा हमारा प्रदर्शन बेहतर का हकदार था।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को 419 रन से रौंदा, सीरीज 2—0 से जीती



एडिलेड ,ऑस्ट्रेलिया ने ट्राविस हेड (175) और मार्नस लाबुशेन (163) के विशाल शतकों के बाद मिचेल स्टार्क (पांचव विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत वेस्ट इंडीज को दूसरे टेस्ट में रविवार को 419 रन से रौंदकर दो मैचों की शृंखला 2–0 से जीत ली। ऑस्ट्रेलिया ने वेस्ट इंडीज को 497 रन का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में विंडीज चौथे दिन 77 रन पर ऑलआउट हो गयी।वेस्ट इंडीज की ड्रॉ की उम्मीदें भी तीसरे दिन ही खत्म हो गयी थीं जब उन्होंने 21 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे। डेवन थॉमस (12) और जेसन होल्डर (13) ने पांचवें विकेट के लिये 21 रन जोड़ते हुए 16.3 ओवर पिच पर गुजारे, लेकिन स्टार्क ने चौथा दिन शुरू होते ही दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया।माइकल नेसर (22/3) ने जोशुआ डि सिल्वा (15), रॉस्टन चेज़ (13) और मार्किनी मिंडले को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच आउट करवाया। नेथन लायन ने अल्ज़ारी जोसेफ़ का विकेट लिया और वेस्ट इंडीज की पारी 77 रन पर सिमट गयी।इससे पूर्व, ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 511 रन बनाकर विंडीज को 214 रन पर ऑलआउट कर दिया और 297 रन की विशाल बढ़त बना ली। कंगारुओं ने फॉलो–ऑन देने के बजाय दोबारा बल्लेबाजी का फैसला किया, और 199/7 के स्कोर पर पारी घोषित करके विंडीज के सामने 497 रन का लक्ष्य रखा।

## फिल्मी गपशप

# कांतारा ने बॉक्स ऑफिस पर अब तक तोड़े कई बड़े रिकॉर्ड्स



कन्नड़ फिल्म कांतारा दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। 16 करोड़ रुपये के बजट में तैयारी हुई इस फिल्म ने 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। ऋ षभ शेट्टी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने अलग–अलग भाषाओं में केजीएफः चैप्टर 2 और बाहुबली 2 समेत कई फिल्मों के रिकॉर्ड्स तक तोड़ दिए हैं।

कांतारा कर्नाटक के बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली कन्नड़ फिल्म बन गई है। कांतारा ने कर्नाटक बॉक्स ऑफिस पर यश की फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 से ज्यादा कमाई की है। केजीएफ चैप्टर 2 ने दस हफ्तों में कर्नाटक बॉक्स ऑफिस पर 182.96 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। कांतारा की बात करें तो ऋषभ के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने मात्र आठ हफ्तों में ही 183.6 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।

पांचवें हफ्ते में 52.65 करोड़ की कमाई कर कांतारा ने बाहुबली 2 (24.50 करोड़) का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। प्रभास की फिल्म ने पांचवें हफ्ते में हिंदी में 11.78 करोड़, तमित में 3.50 करोड़, तेलुगू में 6.72 करोड़ और मलयालम में 2.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं ऋषभ की फिल्म ने हिंदी में 19.95 करोड़, तमिल में 2.14 करोड़, तेलुगू में 10.1 करोड़, मलयालम में 5.23 करोड़ और कन्नड़ में 15.23 करोड़ रुपये की कमाई की थी।

कांतारा ने छठवें हफ्ते में सबसे ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड बनाया है। ऋषभ की फिल्म ने छठवें हफ्ते में 30.17 करोड़ की कमाई की है। फिल्म ने छठवें हफ्ते के पहले दिन तीन (शुक्रवार, शनिवार और रविवार) में ही 18.5 करोड़ का आंकड़ा छू लिया है। बता दें कि इससे पहले यह रिकॉर्ड 2019 में आई हिंदी फिल्म उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के नाम पर था, जिसने छठे हफ्ते में 11.60 करोड़ रुपये कमाकर ऑल टाइम रिकॉर्ड बनाया था।

कांतारा ने आठवें हफ्ते में 12.70 करोड़ का कारोबार कर सबसे ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड बनाया है। अभी तक यह रिकॉर्ड 21 साल पहले रिलीज हुई फिल्म गदरः एक प्रेम कथा के नाम पर था। फिल्म ने आठवें हफ्ते में 4.10 करोड़ की कमाई की थी। यानी कांतारा ने गदर से 50 गुना ज्यादा का कलेक्शन किया है। इस फिल्म में सनी देओल, अमीषा पटेल के अलावा अमरीश पुरी जैसे दिग्गज कलाकार थे।



कांतारा आठवें हफ्ते में कर्नाटक के 300 से अधिक सिनेमाघरों में प्रदर्शन किया है। बता दें कि अभी तक कोई भी फिल्म आठवें हफ्ते में कर्नाटक के इतने सारे सिनेमाघरों में रन नहीं हुई है। कांतारा सबसे ज्यादा रिटर्न पाने वाली फिल्म बन गई है। 16 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 404.33 करोड़ रुपये की कमाई कर डाली है। कांतारा, दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर सबसे अधिक कमाई करने वाली भारतीय लोककथा बन गई है।

कांतारा का कन्नड़, तमिल, तेलुगू और मलयालम वर्जन 24 नवंबर को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुका है। वहीं, फिल्म का हिंदी वर्जन 9 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो गया है। बॉक्स ऑफिस के साथ–साथ फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी अच्छी प्रतिक्रिया मिली रही है। बता दें कि ऋषभ की यह फिल्म भूत कोला परंपरा पर आधारित है, जिसमें सप्तमी गौड़ा और अच्युत कुमार भी दिखे हैं।

### योद्धा में मेरा एक नया रुप देखने को मिलेगा : सिद्धार्थ मल्होत्रा

सिद्धार्थ मल्होत्रा की नई फिल्म योद्धा 7 जुलाई, 2023 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। तो ऐसे में अभिनेता ने इसको लेकर खुलासा करते हुए कहा है कि इस फिल्म में आपको मेरा एक नया रुप देखने को मिलेगा। पुष्कर ओझा और सागर अंब्रे द्वारा निर्देशित थ्रिलर योद्धा एक हाइजैकिंग पर आधारित है।

फिल्म में सिद्धार्थ एक्शन से भरपूर भूमिका में और बिल्कुल नए अवतार में हैं। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ को–स्टार दिशा पटानी और राशि खन्ना नजर आएंगी। उन्होंने फिल्म के पोस्टर के साथ अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, एक्शन, रोमांच और बड़े पर्दे के मनोरंजन से भरपूर, हमारा योद्धा आपके नजदीकी सिनेमाघरों में उतर रहा है, इसलिए अपनी सीट बेल्ट बांध लें।

## दृश्यम 2 ने कमाए 200 करोड़ रुपये, यह आंकड़ा छूने वाली अजय देवगन की तीसरी फिल्म



अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 2 बॉक्स ऑफिस पर बढ़ती जा रही है। शनिवार को फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म 18 नवंबर को रिलीज हुई थी और रिलीज के एक हफ्ते में ही 100 करोड़ के क्लब में एंट्री कर ली थी। एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल 225 करोड़ रुपये की कमाई कर सकती है।

तरण आदर्श ने ट्वीट करके फिल्म के 200 करोड़ क्लब में शामिल होने की जानकारी दी। दृश्यम 2 200 करोड़ कमाने वाली अजय की तीसरी फिल्म बन गई है। इससे पहले तान्हाजी और गोलमाल अगेन यह कीर्तिमान रच चुके हैं। तरण के ट्वीट के अनुसार फिल्म ने चौथे हफ्ते शुक्रवार को 2.62 करोड़ और शनिवार को 4.67 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म की कुल 203.59 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। दृश्यम 2 18 नवंबर को रिलीज हुई थी। इसके बाद 25 नवंबर को वरुण धवन की भेडिया और 2 दिसंबर को आयुष्मान खुराना की एन एक्शन हीरो रिलीज हुई थी। इन फिल्मों को टक्कर देते हुए फिल्म ने अपने चौथे हफ्ते में प्रवेश किया था। चौथे हफ्ते में अजय की फिल्म काजोल की फिल्म सलाम वेंकी को टक्कर दे रही है। एक तरफ जहां दृश्यम ने कीर्तिमान रचा है, वहीं सलाम वेंकी शनिवार तक सिर्फ 1.3 करोड़ रुपये कमा सकी। दृश्यम 2 2015 में आई फिल्म दृश्यम का सीक्वल है। दोनो फिल्में इसी नाम से आईं मलयालम फिल्म का रीमेक हैं। टृश्यम में अजय के साथ श्रीया सरन, इशिता दत्ता, तब्बू और रजत कपूर मुख्य भूमिका में थे।

# गोलमाल 5 में होगी रणवीर सिंह की एंट्री, रोहित शेट्टी ने की पुष्टि



बॉलीवुड निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी आगामी कॉमेडी फिल्म सर्कस का ट्रेलर लॉन्च कर दिया है। इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ पूजा हेगड़े, वरुण शर्मा और संजय मिश्रा जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। ट्रेलर लॉन्च के दौरान रोहित ने खुलासा किया कि रणवीर अब गोलमाल फ्रेंचाइजी का हिस्सा होंगे। इसके साथ ही रणवीर ने कार्यक्रम के दौरान ही सिम्बा के दूसरे पार्ट की भी घोषणा कर दी है।सर्कस के ट्रेलर लॉन्च के दौरान रणवीर अपनी फिल्म के बारे में बताते हुए कहते हैं, यह रोहित के कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा बनने वाली है। तभी रोहित कहते हैं, बहुत स्मार्ट आदमी है ये, अब गोलमाल में नजर आएगा। दरअसल, सर्कस के ट्रेलर के अंत में गोलमाल के मुख्य कलाकारों की झलक देखने को मिलती है, जिससे यह समझ आता है कि सर्कस में रणवीर का किरदार गोलमाल से जुड़ा हुआ है।कार्यक्रम के दौरान जब रोहित से पूछा गया कि वह रणवीर के साथ काम करना क्यों पसंद करते हैं, तब निर्देशक ने कहा कि उन्हें अभिनेता का काम के प्रति समर्पण और उनकी एनर्जी बहुत पसंद है। रोहित ने आगे कहा कि उन्होंने रणवीर के साथ पहली बार काम एक एड शूट के दौरान किया था। रणवीर ने रोहित का धन्यवाद किया और इशारों–इशारों में निर्देशक के साथ अपनी अगली फिल्म सिम्बा 2 की भी पुष्टि कर डाली।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79



फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com